दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 93 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। बुधवार, 04 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष तृतीया, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## डीआरडीओ ने नई तकनीक का सफल टेस्ट किया

### लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाने में मदद मिलेगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार (3 फरवरी) को सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट तकनीक का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। इस सफलता के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह आधुनिक तकनीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह टेस्ट ओडिशा के तट के पास चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) में किया गया।

यह तकनीक लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाने में मदद करती है। इस तकनीक से संभावित विरोधियों के मुकाबले रणनीतिक बढ़त मिलती है। परीक्षण के दौरान सभी प्रमुख उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। इनमें बिना नोजल वाला बूस्टर, सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट मोटर और फ्यूल फ्लो कंट्रोलर शामिल थे।

#### ओडिशा की चांदीपुर रेंज में किया गया परीक्षण

सिस्टम को पहले ग्राउंड बूस्टर मोटर की मदद से निर्धारित मैक संख्या तक पहुंचाया गया, जिसके बाद एसएफडीआर प्रणाली ने सफलतापूर्वक काम किया। पूरे परीक्षण की निगरानी और पुष्टि आईटीआर, चांदीपुर की ओर से बंगाल की खाड़ी के तट पर तैनात कई ट्रैकिंग उपकरणों से प्राप्त उड़ान आंकड़ों के जरिए की गई। टेस्ट के दौरान डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद रहे।इनमें डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी, हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, रिसर्च सेंटर इमारत और आईटीआर शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एसएफडीआर तकनीक के सफल प्रदर्शन पर डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी। वहीं रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने इस सफल उड़ान परीक्षण में शामिल सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

## लोकसभा में राहुल के भाषण पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

# नरवणे पर आर्टिकल दिखाया, तो स्पीकर ने रोका; पेपर उछालने वाले 8 विपक्षी सांसद निलंबित



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए।

उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी।

मंगलवार को हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन राहुल के समर्थन में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, झस्ट्र सांसद शताब्दी रॉय और छस्ब्ध सांसद डी एम कातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते वेल में पहुंच गए। स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने 8 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

## राहुल गांधी के चाईना मुद्दे पर मचा बवाल

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय को लेकर जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को उस वक्त सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का नया मोर्चा खुल गया जब आसन के समीप कागज उछालने के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के सात सदस्यों और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक सांसद को सदन से निलंबित किया गया है। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर जारी चर्चा में राहुल गांधी द्वारा नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का उल्लेख करने का प्रयास करने के मुद्दे पर बैठक तीन बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित एक लेख का हवाला देते हुए मंगलवार को लोकसभा में एक बार फिर चीन के साथ सैन्य टकराव का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। राहुल गांधी ने मंगलवार को नरवणे की पुस्तक पर आधारित लेख को सत्यापित करते हुए सदन के पटल पर रखा। उनका कहना था कि मैं चाहता हूं कि इसे सत्यापित किया जाए, मैं इसे पटल पर रख रहा हूं।' कांग्रेस नेता ने लेख का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसका चीन तथा पाकिस्तान के साथ संबंध है और यह राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रमुख हिस्सा है। सरकार ने मंगलवार को कहा कि देश में वामपंथी उग्रवाद लगभग-लगभग समाप्त हो गया है और आगामी मार्च महीने तक यह पूरी तरह खत्म हो जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में प्रश्नकाल में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) को परंपरागत तरीके के साथ ही आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाता है और इसमें वर्तमान की चुनौतियों और भविष्य को दृष्टिगत रखा जाता है।

#### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर आज चर्चा हुई। बजट सत्र यानि वर्ष के पहले सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से होती है। उम्मीद की जा रही है कि चर्चा कल तक चलेगी और इसके पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में चर्चा का जवाब देंगे।

राज्यसभा में मंगलवार को कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच समझौता होने की बात सोशल मीडिया में आने और इस बारे में संसद को अवगत नहीं कराये जाने का मुद्दा उठाया जबकि सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर बयान देगी तथा विपक्ष को गैर जिम्मेदाराना व्यवहार नहीं करना चाहिए। उच्च सदन में आज प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश सहित पार्टी के कई सदस्यों ने अपने स्थानों पर खड़े होकर आसन का ध्यान भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते की ओर दिलाते हुए कहा, ''यह क्या हो रहा है, हमें इसकी जानकारी सोशल मीडिया से मिल रही है...ये देश के साथ धोखा हो रहा है।'' इस पर सदन के नेता नड्डा ने आसन की अनुमति से कहा कि कल रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देर रात एक ट्वीट कर कहा कि उन्होंने भारत पर लगाये जा रहे शुल्क (टैरिफ) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवगत कराया और उन्होंने प्रधानमंत्री को एक सच्चा दोस्त भी बताया।



## तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 32 हजार बढ़ी

### 2.68 लाख/किलो पर पहुंची; 4 लाख से गिरकर 2.4 लाख हो गई थी कीमत



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी 3 फरवरी को तेजी है। वायदा बाजार में चांदी के दाम में करीब 32 हजार रुपए की बढ़त है। 1 किलो चांदी का भाव 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले तीन दिनों में चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। सोने में भी करीब 8 हजार रुपए (5%) की तेजी है। 10 ग्राम सोना 1.52 लाख रुपए पर है। बीते 3 कारोबार दिन में इसकी कीमत 26 हजार कम हुई थी।

**सर्राफा बाजार में चांदी 2.64 प्रति किलो बिक रही-** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी 4,465 रुपए बढ़कर 2,63,965 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,783 रुपए बढ़कर 1,51,529 रुपए हो गया है। इससे पहले बीते 3 दिन मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट आई थी।

## मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अफसरों से कहा- चोर हो तुम

### लुटेरों देश को खा गए; एक्सईएन का आरोप- समर्थकों ने हमारे साथ मारपीट की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सोमवार को सवाई माधोपुर मेडिकल कॉलेज के घटिया निर्माण कार्य को देखकर भड़क गए। उन्होंने मौके पर मौजूद एक्सईएन और एईएन को फटकार लगाई और कहा- तुम्हें शर्म नहीं आती है। प्लास्टर के नाम पर मिट्टी डाल रहे हो। चोर हो। लुटेरों...देश को खा गए।

मंत्री ने कहा- सरकार पैसा दे रही है तो कॉलेज का निर्माण काम भी टिकाऊ और अच्छा होना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग को लेकर उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। एक्सईएन ने आरोप लगाया कि मंत्री के समर्थकों ने प्रोजेक्ट मैनेजर नवनीत के साथ मौजूद एईएन को पीटा।

इसके बाद मेरे साथ भी मारपीट की। एक्सईएन ने मामले की शिकायत जयपुर में बैठे आरएसआरडीसी (राजस्थान राज्य सड़क विकास और निर्माण निगम लिमिटेड) के उच्चाधिकारियों को की है।

#### मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण लेने गए थे

दरअसल, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा सोमवार की शाम करीब 4 बजे ठींगला स्थित निर्माणाधीन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान कॉलेज बिल्डिंग के निर्माण में खामियां और घटिया निर्माण को लेकर किरोड़ीलाल मीणा ने नाराजगी जाहिर की। प्लास्टर को लेकर आरएसआरडीसी के अधिकारियों से सवाल किए तो वे जवाब नहीं दे पाए। मंत्री ने मौके पर मौजूद एक्सईएन राकेश कुमार दीक्षित, श्वह सुमित मिश्रा और प्रोजेक्ट मैनेजर नवनीत को फटकार लगाई और कहा कि शर्म नहीं आती, लुटेरों...देश को खा गए।

#### एक्सईएन का आरोप- मंत्री समर्थकों ने अधिकारियों को पीटा

**एक्सईएन राकेश कुमार दीक्षित ने आरोप लगाया कि मंत्री के समर्थकों ने प्रोजेक्ट मैनेजर नवनीत और एईएन सुमित मिश्रा के साथ मारपीट की। उसके बाद मेरे साथ मारपीट हुई। मुझे अंदेशा है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज के साथ गड़बड़ी हो सकती है। अगर ऐसा किया गया तो प्रिंसिपल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। दीक्षित का कहना है- मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल बुद्धिप्रकाश ने द्वेषवश इतनी बड़ी बिल्डिंग में उन्हीं जगहों को दिखाया, जहां थोड़ी बहुत खामियां थीं। हमने घटना की शिकायत जयपुर में बैठे उच्चाधिकारियों को दी गई है।**

## हिमाचल परिवहन की बस खाई में गिरी, 3 की मौत, कई घायल

### सीएम ने एयरलिफ्ट करने के निर्देश दिए



बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** उत्तराखंड के कवानू क्षेत्र में आज सुबह नेरवा-पांवटा साहिब मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस हादसे का शिकार हो गई। इसमें 4 यात्रियों की मौत हो गई है, जबकि 10 यात्रियों की हालत नाजुक बनी हुई है। इस हादसे में कुल 33 यात्री घायल हुए है। घायलों का उत्तराखंड के विकासनगर, देहरादून और हिमाचल के पांवटा साहिब अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना के अनुसार- नेरवा डिपो की बस नंबर एचपी-66ए-2588 सुबह करीब 9:30 बजे नेरवा से पांवटा साहिब जा रही थी। इस दौरान- हरिपुर-कोटी-मीनस सड़क पर सुबह करीब 10 बजे कवानू में दूसरी गाड़ी को पास देते समय बस अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरे शूदोई खड्ड में जा गिरी। इसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बस के कंडक्टर ने फोन से पुलिस को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद, हिमाचल और उत्तराखंड पुलिस, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। घायलों को बस से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती करवाया जा रहा है। 10 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### जिस जगह बस गिरी, वहां डंगा धंसा

एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने बताया कि जिस जगह बस गिरी है, वहां डंगा धंसा हुआ है। इससे अंदेशा है कि दूसरी गाड़ी को पास देते वक्त हादसा हुआ है। हादसे के समय बस में ड्राइवर-कंडक्टर समेत 37 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि बस में हिमाचल और उत्तराखंड दोनों राज्यों के यात्री सवार थे। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल है। इस हादसे में नेरवा की यास्मीन बैगम (46) पत्नी नेक मोहम्मद, रीचा (30) पत्नी वीरेंद्र निवासी बिजमल नेरवा और धन बहादुर निवासी नरेवा की मौत हो गई।

## युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें सीएम होंगे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली/इम्फाल।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। अब राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। कल यानी बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। इस दौरान मणिपुर के विधायक दल का नेता चुनने के लिए नियुक्त सेंट्रल ऑब्जर्वर तरुण चुग, संबित पात्रा और मणिपुर के पूर्व सीएम बीरेन सिंह भी मौजूद रहे। मणिपुर से एनडीए के करीब 20 विधायक रविवार रात को दिल्ली पहुंचे थे। वहीं अन्य विधायक सोमवार को केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर राजधानी पहुंचे। 9 फरवरी 2025 को बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। 12 फरवरी 2026 राष्ट्रपति शासन खत्म हो रहा है। युमनाम खेमचंद सिंह पारंपरिक ताइक्वांडो में 5वें डैन ब्लैक बेल्ट पाने वाले भारतीय भी हैं। उन्हें इसका प्रमाणपत्र 30 दिसंबर 2025 को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में ग्लोबल ट्रेडिशनल ताइक्वांडो फेडरेशन के ऑफिस में दिया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें

### भारतीयों का डेटा शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे; कंपनी ने जुर्माने के खिलाफ अपील की थी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच मेटा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका वॉट्सएप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ी है, जिसमें कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिका में आईटी मंत्रालय को भी पक्षकार बनाने को कहा है। कोर्ट 9 फरवरी को अंतरिम आदेश देगा।



#### कोर्ट ने कहा- प्राइवेसी पॉलिसी चतुराई से तैयार की जाती हैं

**सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देश में लोगों के प्राइवेसी के अधिकार की कड़ी सुरक्षा की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इन एप्स में गोपनीयता से जुड़ी शर्तें इतनी चालाकी से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। यह लोगों की निजी जानकारी चोरी करने का शालीन तरीका है। कोर्ट ने कहा कि हम आपको ऐसा करने की अनुमति नहीं देंगे। आपको इस पर साफ-साफ भरोसा दिलाना होगा, नहीं तो कोर्ट को आदेश जारी करना पड़ेगा। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। मेटा की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और व्हाट्सएप की ओर से अखिल सिब्बल पेश हुए। दोनों ने बताया कि जुर्माने की राशि जमा करा दी गई है।**

## डॉलर के मुकाबले रुपया 129 पैसे मजबूत, 90.20 पर आया

### यह 3 साल में सबसे बड़ी बढ़त

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई।** भारतीय रुपया मंगलवार (3 फरवरी) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर ओपन हुआ। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है। हालांकि आरबीआई के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपया 90.45 पर बंद हुआ। इससे पहले 2025 में रुपया करीब 5% तक टूटकर एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बन गया था। जनवरी 2026 में ही इसमें 2% की गिरावट दर्ज की गई थी।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्थापित हो रहे सामाजिक न्याय के नए आयाम

## छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, गुरुकुल योजना से खुले शिक्षा के नए द्वार



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील, दूरदर्शी और कुशल नेतृत्व में प्रदेश का अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की मजबूत राह पर अग्रसर है। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और ठोस नीतियों के परिणामस्वरूप अति पिछड़ा वर्ग के हजारों परिवार न केवल विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, संबल और सम्मान के जरिए सामाजिक न्याय के नए आयाम भी स्थापित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अति पिछड़ा वर्ग के शैक्षणिक उत्थान के लिए देवनारायण योजना के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों पर वर्ष 2025 में 248 करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय की जा चुकी है। उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 11 से उच्च शिक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए इस वित्तीय वर्ष में 102.42 करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय कर 37 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। वहीं पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 6 से 10) में 7.10 करोड़ रुपए व्यय कर 69 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सहायता दी गई है।

देवनारायण गुरुकुल योजना के तहत निजी प्रतिष्ठित विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रतिवर्ष 500 विद्यार्थियों के प्रवेश के प्रावधान वाली इस योजना में चालू वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपए से अधिक व्यय किया जा चुका है। इसी तरह देवनारायण छात्रावास योजना के अंतर्गत स्वीकृत छात्रावासों में 3750 विद्यार्थी तथा देवनारायण आवासीय विद्यालय योजना के तहत स्वीकृत विद्यालयों में 5 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए एमबीसी छात्राओं के लिए करौली के नादौती एवं भरतपुर के बयाना में छात्रा महाविद्यालय मय हॉस्टल की स्थापना की गई है। नादौती कॉलेज में 74.80 लाख रुपए व्यय कर 177 छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। इसी तरह बयाना कॉलेज में 155.29 लाख रुपए व्यय कर 543 छात्राओं को शिक्षा का अवसर उपलब्ध हुआ है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के माध्यम से एमबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को आईएएस, आरएएस, क्लैट, नीट, रीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए चयनित संस्थाओं में कोचिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। इस योजना में 4 करोड़ रुपए व्यय कर विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारी का सशक्त मंच दिया गया है।

इसी तरह देवनारायण योजना के अंतर्गत स्वीकृत 6 आईटीआई संस्थानों में 365 लाख रुपए व्यय कर 500 से अधिक विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अति पिछड़ा वर्ग का सशक्तीकरण केवल योजना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की जीवंत मिसाल बन चुका है।

## अपनाघर गौशाला में गौ माता को खिलाई घास



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरु कमल चंद्रोशन गोसेवा ट्रस्ट व विद्यार्थी कल्याण संस्थान के तहत मंगलवार को प्रत्येक गौशाला में दी जाने वाली हरी घास की गाड़ी में अपना घर गौशाला में गौ माता को रचका खिलाया गया। इसी तरह हरि गौशाला में भी गौ माता को रचके का प्रसाद वितरित किया गया इस कार्यक्रम में परम गौ भक्त किसान मोर्चा जिलामंत्री सुरेश वैष्णव समाजसेवी विकास वैष्णव राहुल जोशी व सांवरिया मित्र मंडल की पूरी टीम ने बढ़ चढ़कर गौ माता की सेवा की इस पूरे कार्यक्रम का निर्देशन गुरु कमल चंद्ररोशन गौ सेवा के संस्थापक संजय जैन ने किया।

## मुख्यमंत्री ने राहडा फाउंडेशन के गोकाष्ठ अभियान को सराहा

### कहा-पर्यावरण बचाने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण

### अब होली से पूर्व गोबर की माला बनाकर आदिवासी महिलाओं को मिल रहा रोजगार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राहडा फाउंडेशन की ओर से गोकाष्ठ को लेकर चलाए जा रहे अभियान की सराहना की और इसे वृहद् स्तर पर चलाने का सुझाव दिया। फाउंडेशन ने अब आदिवासी महिलाओं को प्रेरित कर होलिका दहन में उपयोग होने वाली प्राकृतिक गाय के गोबर से बनी मालाओं का स्थानीय स्तर पर निर्माण करवाने की पहल की है। उल्लेखनीय है कि जयपुर में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राहडा फाउंडेशन ने गोकाष्ठ से पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्टॉल लगाई, जहां मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान गोकाष्ठ देखकर फाउंडेशन की संस्थापक अर्चनासिंह चारण की पहल को सराहा और कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा। उन्होंने इसे वृहद् व अभिनव रुप में करने का सुझाव दिया। फाउंडेशन की संस्थापक अर्चनासिंह चारण ने बताया कि मुख्यमंत्री की सलाह पर अब जिले के आदिवासी इलाकों में गोबर से बनी मालाओं का निर्माण करवाया जा रहा है जो होली दहन के दौरान होलिका को अर्पण की जाती है। इससे कई महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया होगा। यह प्रयास न केवल हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी संदेश है। इस कार्य में स्थानीय आदिवासी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

## सांसद डॉ रावत ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की शिष्टाचार भेंट



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल भी उपस्थित थे। सांसद डॉ रावत व अग्रवाल ने अपने राजस्थान व संसदीय क्षेत्र के विषयों पर भी नितिन नबीन से चर्चा की तथा वर्तमान वीबी जीराम जी को लेकर क्षेत्र में चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रात: स्मरणीय हिंदूआ सूरज महाराणा प्रताप की मूर्ति स्मृति के रुप में प्रदान की।

## राजपूत महासभा संस्थान उदयपुर संभाग द्वारा 10 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह, तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राजपूत महासभा संस्थान उदयपुर संभाग द्वारा आगामी 10 फरवरी 2026 को फतह स्कूल परिसर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जहां विवाह मंडप, भोजन व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस सामाजिक आयोजन को लेकर समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। राजपूत महासभा संस्थान उदयपुर संभाग के अध्यक्ष संत सिंह भाटी ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 6 फरवरी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 40 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और समाज के अधिक से अधिक परिवारों से इसमें भाग लेने की अपील की गई है। संस्थान के महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने बताया कि रविवार को विवाह समारोह में शामिल होने वाले वर-वधु और उनके परिजनों को आमंत्रित कर कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान विवाह की प्रक्रिया, कार्यक्रम की रूपरेखा, समय-सारणी और व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही वधु पक्ष को विवाह समारोह के लिए पारंपरिक पोशाक भी वितरित की गई।

## मेरा संविधान-मेरा स्वाभिमान थीम पर विद्यालय में प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, 65 विद्यार्थियों ने लिया उत्साह से भाग

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( नि.स. )।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य विपिन कुमार मामोडिया की अध्यक्षता में 'मेरा संविधान-मेरा स्वाभिमान' विषय पर सामान्य ज्ञान एवं संविधान आधारित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता प्रभारी व्याख्याता रामजीलाल गुर्जर ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के प्रति समझ, जागरूकता और सम्मान की भावना विकसित करना है, ताकि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों से भली-भांति परिचित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता धोलाराम यादव, मालाराम यादव, प्रकाश चंद गुर्जर, अरुण कुमार मीणा, वरिष्ठ अध्यापक महावीर प्रसाद शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, गोविंद सिंह, श्रीमती पुष्पा कुमारी एवं धन्नी देवी यादव सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शोभित अग्रवाल यूथ एंटरप्रेनर अवॉर्ड से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** श्रीगंगानगर शहर के युवा उद्यमी शोभित अग्रवाल को पिछले दिनों ''यूथ एंटरप्रेनर अवॉर्ड'' से सम्मानित होने का अवसर मिला। शोभित को यह अवॉर्ड टांटिया यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एमएसएमई एंड ओडीओपी'' के शुभारंभ के अवसर पर टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया की मौजूदगी में पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी के हाथों प्रदान किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, भाजपा नेता आशुतोष गुप्ता भी मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल बना 'श्वानों का घर', सुरक्षा और सफाई के दावे हुए तार-तार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला मुख्य चिकित्सालय इन दिनों इलाज से ज्यादा अपने बदतर हालातों को लेकर चर्चा में है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी है। वीडियो में अस्पताल की गैलरी और वार्डों के पास आवारा खूंखार श्वानों का जमावड़ा नजर आ रहा है, जो न केवल मरीजों के लिए खतरा हैं, बल्कि आपस में भिड़कर अस्पताल परिसर को रणक्षेत्र बना रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये कुत्ते उन वार्डों के ठीक बाहर घूम रहे हैं जहाँ नवजात शिशु और गंभीर अवस्था में मरीज भर्ती हैं। संक्रमण के खतरे के



साथ-साथ इन श्वानों के हमले का डर मरीजों और उनके परिजनों के चेहरे पर साफ देखा जा सकता है। कुछ परिजनों का कहना है कि सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद ये आवारा पशु बेरोकटोक अस्पताल के अंदर तक घुस रहे हैं। वहीं सरकारी दावों के विपरीत, धरातल पर सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह राम भरोसे नजर आ रही है।

स्थानीय लोगों और तीमारदारों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी मौन धारण किए हुए है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या किसी मासूम पर हमले का इंतजार कर रहा है ?

लेकिन इस गंभीर मुद्दे ने आम जनमानस में रोष पैदा कर दिया है। शहर के जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि तुरंत इस समस्या का समाधान किया जाए ।

## आबादी क्षेत्र से अवैध बूचड़खाने हटाने की मांग, एसडीएम डॉ. साधना शर्मा को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** बजरंग दल प्रखंड पावटा के पदाधिकारियों ने पावटा क्षेत्र में संचालित अवैध बूचड़खानों व उनसे जुड़ी गतिविधियों को आबादी क्षेत्र से बाहर संचालित करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री भजन लाल के नाम पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पावटा परिक्षेत्र में कई स्थानों पर धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के आसपास अवैध बूचड़खाने और संबंधित व्यवसाय संचालित



हो रहे हैं, जिससे आमजन की भावनाएं आहत हो रही हैं। साथ ही निराश्रित गोवंश इन स्थानों पर फैले अवशेषों को खा रहे हैं, जिससे सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से आक्रोश की स्थिति बन रही है। बजरंग दल पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि ऐसे दूषित व्यवसायों को नियमानुसार आबादी क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित कराया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रहे। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन सामूहिक रूप से आंदोलन करेगा। इस दौरान बजरंग दल प्रखंड संयोजक पवन शर्मा, प्रखंड सहमंत्री घनश्याम मेहरा, सहसंयोजक उमेश कुमावत, सुभाष सिंह राजनौता, गौरक्षक अजय सिंह, सचिन सिंह, गुड्डू, विजय कुमार, रविन्द्र, श्रीराम मेहरा, रवि कुमार, लालचंद मेहरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जन समस्या निराकरण के लिए अनशन कल से

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही ( नि.स. )।** शहर की विभिन्न समस्याओं एवं सनातन धर्म से जुड़ी सम्पत्तियों को बचाने की मांग को लेकर गुरुवार से हिंदू वेव की ओर से अनशन शुरू किया जाएगा। इस सम्बंध में हिंदू वेव जिला संयोजक हरीश दवे ने मंगलवार को एडीएम से मुलाकात की तथा चेतावनी पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि रामझरोखा मंदिर की भूमि के खुर्द-बुर्द होने, अर्बुदा गोशाला, सारणेश्वर गोचर, अतिक्रमण, बेसहारा गोवंश समेत अन्य जनसमस्याओं के निराकरण की मांग की गई है।

इस सम्बंध में उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को वे पहले ही ज्ञापन दे चुके हैं। समय पर समुचित समाधान नहीं किए जाने पर नगर परिषद के बाहर अनशन शुरू किया जाएगा।

## माली समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

### तेजराज पर दर्ज मुकदमे को लेकर जताया रोष



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** माली समाज के लोगों ने मंगलवार को यहां छात्रावास में बैठक आयोजित कर तेजराज सोलंकी पर दर्ज मुकदमे को लेकर रोष जताया। इस दौरान नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। बाद में पुलिस को ज्ञापन सौपा। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि तेजराज पर दर्ज कराई गई एफआईआर राज्यमंत्री व स्थानीय विधायक ओटाराम देवासी के इशारे पर दर्ज कराई गई है। एफआई आर को पूरी तरह निराधार व राजनीति से प्रेरित बताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि जनहित में उठाई जा रही आवाज को दबाने के लिए कार्रवाई करना प्रतीत हो रहा है। समाज के लोगों ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने एवं तेजराज के विरुद्ध दर्ज कथित झूठी एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग रखी।

बैठक के दौरान छात्रावास में जिलेभर से पहुंचे समाजबंधुओं ने राज्यमंत्री के खिलाफ नारबाजी कर विरोध जताया।

## खुले कुएं पर लगेगी आस्था की मुहर: शिव प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 251 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा शहरी क्षेत्र के प्रागपुरा की ढाणी ज्याजावाली-सकड़ीवाली में खेतों के बीच खुले मुंह पड़े एक पुराने गहरे कुएं को लेकर ग्रामीणों ने अनोखा और सराहनीय निर्णय लिया। संभावित खतरे को देखते हुए सर्वसम्मति से कुएं को मिट्टी डालकर बंद किया गया और उसी स्थान पर भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा करवाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इसके लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से चंदा एकत्रित किया। इस निर्णय के बाद मंगलवार को नागाजी मंदिर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की मंढी से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रागपुरा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई ढाणी ज्याजावाली-सकड़ीवाली पहुंची। विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सजी करीब 251 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शिव भजनों की



धुन पर नाचती-गाती श्रद्धा के साथ शामिल हुईं। एलबीएस कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष संजय सैनी ने इस अवसर पर कहा, ग्रामीणों ने जिस एकजुटता के साथ पहले सुरक्षा का ध्यान रखते हुए खुले कुएं को बंद किया और अब उसी स्थान को आस्था का केंद्र बनाने का निर्णय लिया है, यह सामाजिक जागरूकता और धार्मिक भावना का अद्भुत उदाहरण है।

मोतीराम व भरताराम सैनी ने बताया कि शनिवार 07 फरवरी को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसके बाद प्रसादी वितरण और धमाल कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान रामजीलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, धर्मचंद सैनी, सुरेश चौधरी, गाडाराम सैनी, किशन लाल सैनी, मातादीन सैनी, मनोज स्वामी, बनवारी लाल, महावीर सैनी, भैरूराम सैनी, हरिसिंह सैनी, रामचंद्र सैनी, मनोज सैनी, अशोक सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी और डॉ. लक्ष्यराज सिंह के बीच आधे घंटे तक हुई मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर/नई दिल्ली।** मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य और महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मंगलवार को सपरिवार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के बीच संसद भवन में आधे घंटे से भी अधिक समय तक हुई, मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास के पुरोधा बप्पा रावल से



लेकर महाराणा सांगा, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जैसे वीरों की राष्ट्र भक्ति, आदर्श जीवन मूल्यों को भारत की धरोहर और प्रेरणा पथ बताया। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेवाड़ (राजमहल उदयपुर) आने का न्यौता दिया, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह के प्रति अपनत्व प्रकट किया। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रगतिशील सशक्त भारत की दुनिया में स्थापित नई पहिचान के लिए शुभकामनाएं संप्रेषित कीं। इस दौरान डॉ. लक्ष्यराज सिंह के ससुर उड़ीसा में भाजपा सरकार के डिप्टी सीएम और पटना-बालांगीर रियासत के महाराजा कनकवर्धन सिंह देव, सासू माँ भाजपा से पांच बार सांसद संगीता कुमारी सिंह देव, डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी मेवाड़, सुपुत्र हरितराज सिंह मेवाड़, सुपुत्री मोहलक्षिका कुमारी मेवाड़ और प्राणेश्वरी कुमारी मेवाड़ मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी

## नरेगा को खत्म करने की साजिश के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी महाविरोध प्रदर्शन के अंतर्गत मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आरएसएस के छुपे हुए एजेंडे के तहत मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटाने, प्रारूप में आमूलचूल परिवर्तन और इस योजना को खत्म करने की साजिश के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना का नाम नहीं, ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था का आधार है।इसे कमजोर करने की किसी भी साजिश के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सडक़ से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। मनरेगा गरीब, मजदूर, किसान, बेरोजगार, ग्रामीण और श्रमिक वर्ग की आजीविका की गारंटी है, इसकी रक्षा के लिये कांग्रेस पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि प्रदर्शन को पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा, पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, बहरोड़ से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रहे संजय यादव, डॉ. आर.सी. यादव, पी.सी.सी. सचिव विजय यादव, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सैनी व एड. सतीश निमोरिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप गुर्जर, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत व मुकेश कसाना आदि ने संबोधित करते हुए मनरेगा योजना को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं करने देने और संघर्ष के लिये सदैव तैयार रहने का भरोसा दिलाया।भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। योजनाओं का नाम बदलकर महापुरुषों का अपमान करने का कुत्सित प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है, जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। मनरेगा गरीब मजदूर का हक है और गांधीजी के विचारों की पहचान है।कांग्रेस पार्टी मजदूर, किसान व गरीब के हक की लड़ाई हर हाल में लड़ेगी। इस दौरान पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, राजेन्द्र सिंह मीणा, सूर्यकांत शर्मा, जगदीश मीणा, मानवाधिकार व आरटीआई विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, विधि, मानवाधिकार आरटीआई विभाग जिलाध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा, पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह लीडर, एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मुन्नानुद्दीन कुरैशी, जगदीश मीणा खेलना, रमेश जिंदल, मेहरसिंह धनकड़, शीशराम दायमा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल आर्य, बाबूलाल सैनी, वेदप्रकाश सैनी, एड. योगेश सैनी, एड.सुरेंद्र बबेरवाल, एड. विजय सैनी, राकेश छावड़ी, प्रभु रावत, युवा नेता ओमप्रकाश जिंदल, मेहरसिंह भालोजी, मौजीराम यादव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# विश्व हिन्दू परिषद् कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** विश्व हिन्द परिषद् कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ. अष्वनी गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विहिप व बजरंग दल के दायित्वों की घोषणा की गई। नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी ने बताया कि नगर उपाध्यक्ष एड. देवेंद्र भरगड़ व एड. रत्नेश यादव, नगर मंत्री तूफान सोनी, सहमंत्री एड. सुरेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल, धर्मप्रसार प्रमुख सीताराम अग्रवाल को मनोनीत किया गया। साथ ही अंकित छीपी को बजरंग दल संयोजक व ऋषिराज माथुर को सहसंयोजक मनोनीत किया गया। जिला सहमंत्री एड. शिवकुमार गुप्ता ने परिषद के कार्यों के बारे में अवगत कराया। जिला कोषाध्यक्ष नेमीचंद हिन्द ने आभार व्यक्त किया।

### मुख्य सचिव ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र आईपीएस अधिकारियों से किया संवाद

# केंद्रीय स्तर पर प्राप्त अनुभव राज्य प्रशासन को भी सशक्त बनाता है- मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति न केवल कैडर की जिम्मेदारी है, बल्कि यह अधिकारियों के करियर विकास का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा केंद्रीय स्तर पर प्राप्त अनुभव राज्य प्रशासन को भी सशक्त बनाता है।

मुख्य सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के साथ आयोजित संवादात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पात्र अधिकारियों को अपने करियर की योजना बनाते हुए समयबद्ध एवं सोच-समझकर निर्णय लेने तथा केंद्रीय सेवाओं में योगदान देने के लिए कहा। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि वर्ष 2011 बैच से आगे के अधिकारियों के लिए यह आवश्यक है कि वे एसपी अथवा डीआईजी स्तर पर न्यूनतम दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पूर्ण कर चुके हों, जिससे वरिष्ठ पदों पर नियुक्ति से पूर्व उन्हें केंद्र सरकार में कार्य का अनुभव प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान कार्मिक विभाग द्वारा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सेवा अवधि के आधार पर विभिन्न स्तरों- एसपी, डीआईजी, आईजी, एडीजी एवं डीजी पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति हेतु पात्रता की जानकारी के साथ ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की सामान्य अवधि, पदोन्नति के दौरान संयुक्त कार्यकाल, कठिन क्षेत्रों में सेवा देने पर अवधि विस्तार, प्रशिक्षण अवधि की गणना, कूलिंग-ऑफ अवधि, प्रत्यावर्तन एवं डिबारमेंट से जुड़े प्रावधानों को भी बताया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं केंद्रीय संगठनों में आईपीएस अधिकारियों के लिए स्वीकृत पदों एवं वर्तमान रिक्तियों की स्थिति की भी जानकारी साझा की गई, जिससे अधिकारियों को उपलब्ध अवसरों का स्पष्ट ब्यौरा मिल सके। बैठक में शासन सचिव, कार्मिक विभाग श्रीमती अर्चना सिंह सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि राज्य के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों से आईपीएस अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सहभागिता की।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से ग्रामीण सशक्तिकरण की नई इबारत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी पहल के तहत कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीण नागरिकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने के उद्देश्य से प्रदेशभर में प्रत्येक गिरदावर सर्किल स्तर पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अबतक प्रदेश के 1512 गिरदावर सर्किलों में इन शिविरों का सफल आयोजन कर राज्य सरकार के 13 प्रमुख विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं सेवाओं को एक ही मंच पर आमजन तक पहुँचाया गया है।

इन शिविरों में ग्रामीणों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के आवेदन-पत्र तैयार करवाने, पूर्व में दिये गए आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी, दस्तावेज़ सत्यापन एवं ऑन-द-स्पॉट मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। राज्य सरकार की मंशा है कि विकास की योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचे। इसी क्रम में द्वितीय चरण के शेष ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन 5 से 9 फरवरी तक किया जा रहा है। शिविरों के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत अब तक 92 हजार पशुओं का पंजीकरण कर स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही क्लासिकल स्वाइन फीवर से बचाव हेतु 77 हजार से अधिक टीके, 5,352 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, 26,400 से अधिक फर्टिलिटी किट का वितरण तथा 5 लाख 11 हजार पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा एवं कृमिनाशक औषधि पिलाई गई। कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग द्वारा 6 लाख 37 हजार से अधिक किसानों को एमएसपी की जानकारी दी गई, वहीं 7 लाख 42 हजार कृषकों को विभिन्न कृषि योजनाओं से अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त 98 हजार से अधिक सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए, 2,800 से अधिक ग्राम पंचायतों में पॉलीहाउस हेतु आवेदन तैयार किए गए तथा 2,923 किसानों के मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायतार्थ योजनान्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया गया। बस स्टैंड पर यात्री विश्राम सुविधा से वंचित ग्राम पंचायतों में 2,938 किसान विश्राम स्थलों के निर्माण प्रस्ताव भी तैयार किए गए।अब तक आयोजित शिविरों में 13 लाख 91 हजार से अधिक कृषकों, पशुपालकों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की, जिनमें 15,876 जनप्रतिनिधि शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए 4 लाख 12 हजार से अधिक महिलाएं तथा 9 लाख 17 हजार से अधिक पुरुष शिविरों में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विशेष रियायत योजना लागू

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन को प्रोत्साहित करने तथा होटल एवं अन्य सेवा क्षेत्र की ईकाईयों को अनुमति व्यवस्था के अंतर्गत लाने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विशेष रियायत योजना लागू की गई है। योजना के अंतर्गत ऐसे होटल एवं सेवा क्षेत्र की ईकाईयां जैसे रिसॉर्ट्स, अस्पताल, मैरिज गार्डन, शिक्षण संस्थान, शॉपिंग मॉल, ऑटो मोबाईल सर्विसिंग स्टेशन, कॉल सैंटर, बीपीओ आदि जो वर्तमान में बिना संचालन की सम्मति के संचालित हैं, वे 31 मार्च तक अपनी सम्मति हेतु आवेदन कर सकती हैं।

बेटी है वरदान, इसका करो सम्मान

## कार्यालय, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, टोंक

Phone: 01432-294552 Email id:-tonk.we@rajasthan.gov.in

क्रमांक-0SC/2025-26/1366 दिनांकः 09/01/2026

### ई-बिड सूचना-01/2025-28

केन्द्र प्रवर्तित वन स्टॉप सेंटर योजना के लिए जिला मुख्यालय टोंक में संचालित सखी केन्द्र के संचालन के लिए मानव संसाधन की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 में विहित नियमों एवं प्रावधानों के अंतर्गत करवाये जाने हेतु नियमानुसार पंजीकृत फर्मों / संस्थाओं/सेवा प्रदाताओं से ई-बिड आमंत्रित की जाती हैं। ई-बिड की अनुमानित कीमत 56.00 लाख रूपये हैं। ई-बिड अपलोड करने की अंतिम तिथि 06.02.2026 दोपहर 12.00 बजे है। बोली फॉर्म दिनांक 12.01.2026 से डाउनलोड किए जा सकते है। तकनीकी बोली दिनांक 06.02.2026 दोपहर 02.00 बजे खोली जायेंगी। शर्ते एवं सम्बंधित विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in तथा www.wcd.rajasthan.in पर उपलब्ध है।

NIB CODE: WMP2526A0202
UBN CODE: UMP 2526 SLOB00234
DIPR/C/2044/2026

(मैरिगटन सोनी)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता टोंक

**Government of Rajasthan**
**Office Joint Director Agriculture (Quality Control)**
**Durgapura, Jaipur**
**Email:- Jdagr.qc.agri@rajasthan.gov.in, Jdagrqc@rediffmail.com**

No.: F6()J.D.Ag./QC/e-Bid/2025-26/1294 Date: 21.01.2026

### e-Tener Notice

The Joint Director Agriculture (Quality Control) Durgapura, Jaipur Invites following online bid from the eligible bidder:

| Name of work | Total estimated cost | Bid start Date | Bid submission End date & time |
|---|---|---|---|
| Supply & installation of Laboratory Equipments from Manufactures or their Authorized Distributors/Dealers for the use in "Departmental Laboratory under Department of Agriculture, Government of Rajasthan. | Rs. 207.00 Lakh (Rupees Two Hundred seven Lakh only) | 23.01.2026 10.00 AM | 11.02.2026 6.00 PM |

Details may be seen in the bid document at the website of e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, state public procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://agriculture.rajasthan.gov.in and http://dipr.rajasthan.gov.in

(Madhu Lata Singh)
Joint Director Agriculture (Q.C.)
DIPR/C/1635/2026

# पीएचसी रघुनाथपुरा को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम रघुनाथपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर एड. दिनेश कुमार अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित किया हैं। ज्ञापन में बताया कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम रघुनाथपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण सन् 1962 में तत्कालिक विधायक मुक्ति लाल मोदी के प्रयासों से भामाशाह सेठ गोविन्दराम परिवार द्वारा करवाया गया था, तब से आज तक लगातार मरीजों की संख्या में उत्तरोद्वर वृद्धि हो रही है। लेकिन उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के क्रमोन्नत नहीं होने पर स्वास्थ्य केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का निरन्तर अभाव हो रहा है व वर्तमान में ओ.पी.डी. करीब 150-200 है। ग्राम रघुनाथपुरा स्टैण्ड़ से करीब 20 गांव व ढ़ाणियों के लोग उपचार हेतु मरीजों को कोटपूतली व पावटा ले जाते है। जिससे गरीब लोगों को मरीजों को लाने व ले जाने में समय एवं धन की हानि होती हैं व आसपास कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं हैं। यदि उक्त पीएचसी को क्रमोन्नत कर सीएचसी बना दिया जावे व इसमें समुचित स्टॉफ व जांच मशीनों द्वारा मूलभूत सुविधा प्रदान कर दी जावे तो क्षेत्रावासियों को ईलाज में काफी सुविधा होगी।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज का जोरदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** यूजीसी कानून के विरोध में मंगलवार को श्रीमाधोपुर में सवर्ण समाज द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोग सडक़ों पर उतरे और कानून के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। विरोध स्वरूप नौलखा कोठी, सीकर बाजार से एसडीएम कार्यालय तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल रहे। रैली के चलते श्रीमाधोपुर का बाजार पूरी तरह बंद रहा। दुकानों, प्रतिष्ठानों और व्यापारिक संस्थानों पर ताले लटके रहे, जिससे आंदोलन की व्यापकता और प्रभाव स्पष्ट नजर आया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर यूजीसी कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल नारायणपुर (कोटपूतली-बहरोड)

**Email id narayanpur.ulb Jaipur@email.com**

क्रमांक न.पा.नारा/2025-26/125 दिनांकः 03.02.2026

### सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका नारायणपुर विभिन्न आवेदनकर्ताओं द्वारा राजस्व ग्राम नारायणपुर में अपनी संपत्ति के कृषि भूमि नियमन / नामान्तरण, 69 क एवं उपविभाजन योजना अंतगर्त पट्टे जारी करवाने हेतु आवेदन किये गए है सम्बंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका नारायणपुर, उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय व पंचायत समिति कार्यालय पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका नारायणपुर में अवधि 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

| क्रसं. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | राजस्व ग्राम | विवरण | भूखण्ड का क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री हंसराज गुर्जर पुत्र श्री रुधाराम | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 136.8 वर्गगाज | आवासीय |
| 2. | श्री राजकुमार गुर्जर पुत्र श्री हंसराज गुर्जर | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 248.44 वर्गगाज | आवासीय |
| 3. | श्रीमती राकेश देवी पत्नी बलबीर प्रजापत | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 108.33 वर्गगाज | आवासीय |
| 4. | श्री बजरंग लखेरा पुत्र श्री मुलचन्द लखेरा | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 114.65 वर्गगाज | आवासीय |
| 5. | श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी सुभाष शर्मा | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 454.44 वर्गगाज | आवासीय |
| 6. | श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी भोलुराम | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 296.55 वर्गगाज | आवासीय |
| 7. | श्री रामकिशन मीणा पुत्र श्री गोकुल राम | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 145.46 वर्गगाज | आवासीय |
| 8. | श्री जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र श्री मूलभन्द | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 115 वर्गगाज | आवासीय |
| 9. | श्री रोहिताश मीणा पुत्र श्री दुर्गाप्रसाद | नारायणपुर | नारायणपुर | आबादी | 260.05 वर्गगाज | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नारायणपुर

## सम्पादकीय

# बन गई बिगड़ी बात, भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील फाइनल

अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को 18 प्रतिशत किए जाने की घोषणा और उसका भारतीय प्रधानमंत्री की ओर से स्वागत करने से यह स्पष्ट हो गया कि आखिरकार डोनाल्ड ट्रंप को यह आभास हो गया कि भारत उनके अनुचित दबाव में झुकने वाला नहीं है। उन्होंने भारत को दबाव में लेने के लिए तमाम जतन किए, लेकिन वे इसलिए नाकाम रहे, क्योंकि भारत ने उनसे उलझने के स्थान पर संयम और दृढ़ता का परिचय दिया।

18 प्रतिशत टैरिफ का मतलब है कि भारत अमेरिका से व्यापार के मामले में अपने कई प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले बेहतर स्थिति में होगा। ट्रंप ने भारत पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को 25 से 18 प्रतिशत तो किया ही, रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को पूरी तरह हटाया भी। उन्होंने इसी के साथ यह भी कहा कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा और रूस से तेल आयात बंद करेगा। उनकी इस घोषणा के पहले भारतीय प्रधानमंत्री की वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बात हुई थी। शायद इसके बाद ही अमेरिका से व्यापार समझौते को लेकर बिगड़ी बात बनी। यदि भारत को उचित मूल्य पर वेनेजुएला से तेल मिलता है तो इसमें हर्ज नहीं। आखिर वह पहले भी उसके साथ-साथ ईरान से तेल खरीदता ही था। भारत के लिए यह संभव नहीं था कि वह रूस से तेल खरीद का विकल्प मिले बिना उससे तेल लेना बंद कर देता। देखना है कि भारत को उतना तेल वेनेजुएला से मिल पाता है या नहीं, जितना वह रूस से लेता था? इसके साथ ही इस प्रश्न का उत्तर भी सामने आना शेष है कि क्या भारत को अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ शून्य करना होगा और क्या अमेरिका से 500 अरब डालर की खरीद करनी होगी, जैसा कि ट्रंप कह रहे हैं। वास्तव में कई सवालों के जवाब तभी सामने आएंगे, जब व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे, लेकिन इतना तो है ही कि अमेरिका से व्यापार का जो दरवाजा बंद सा हो गया था, वह खुल गया और भारत के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया। अब देश में कारोबारी माहौल सुधरेगा। शेयर बाजार ने इसके संकेत देने भी शुरू कर दिए हैं। चूंकि ट्रंप बढ़-चढ़कर दावा करते रहते हैं, इसलिए यह मानकर चला जाना चाहिए कि अमेरिका से व्यापार समझौता ठीक वैसा नहीं होगा, जैसा वे कह रहे हैं। इसका संकेत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के इस कथन से मिलता है कि भारत अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर व्यापार समझौता करने जा रहा है। अच्छा हो कि इस समझौते को अंतिम रूप देते समय अमेरिका को यह संदेश दे दिया जाए कि उसने पिछले छह माह में भारत से जैसा व्यवहार किया, उसके चलते उस पर भरोसा डिगा है।



## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 04 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1620 - हंगरी के प्रिंस बेथलेन और रोम के सम्राट फर्डीनेंड द्वितीय के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1628 - शाहजहाँ को आगरा में मुग़ल बादशाह का ताज पहनाया गया।
- 1783 - इटली के कैलब्रिया में आये भीषण भूकंप में 50 हजार लोग मारे गये।
- 1797 - इक्काडोर की राजधानी क्वीटो में आये विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से अधिक लोग मारे गये।
- 1847 - मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गयी।
- 1881 - लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र 'केसरी' का पहला अंक आया था।
- 1895 - अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ।
- 1920 - लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू।
- 1924- महात्मा गाँधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।
- 1932 - न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ।
- 1948 - सिलोन (अब श्रीलंका) को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1960 - भोपाल रियासत के आखिरी नवाब हमीदुल्लाह खान का निधन हुआ।
- 1965 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1968 - केन्या से एशियाई नागरिकों के पलायन का सिलसिला जारी। भारत और पाकिस्तान के 96 लोग ब्रिटेन पहुंचे, जिनमें नौ छोटे बच्चे शामिल थे।
- 1973 - भारत के सबसे बड़े मर्चेंट पोत जवाहरलाल नेहरू का उद्घाटन। इसमें 88,000 डीडब्ल्यूटी का सुपर टैंकर था।
- 1976 - ग्वाटेमाला में भीषण भूकंप में 23,000 लोगों की मौत हो गई और 75,000 से ज्यादा जख्मी हुए।

## विशेष आलेख

# नर्सरी से कॉलेज तक,एडमिशन की युद्धभूमि



डॉ. सत्यवान सौरभ




आज शिक्षा का अर्थ सीखना नहीं, बल्कि साबित करना हो गया है। साबित करना कि बच्चा बेहतर है, तेज़ है, दूसरों से आगे है। और यह साबित करने की जिम्मेदारी बच्चे से ज़्यादा उसके माता-पिता के कंधों पर डाल दी गई है। नतीजा यह है कि नर्सरी से लेकर विश्वविद्यालय तक, 'दाख़िला' अब एक सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव का कारण बन चुका है। दाखिले की इस दौड़ में सबसे पहले निशाने पर आता है मासूम बच्चा। वह उम्र, जब खेलना, कल्पना करना और सवाल पूछना चाहिए, उसी उम्र में उसे फ़ॉर्म, इंटरव्यू, टेस्ट और रैंक के बोझ तले दबा दिया जाता है। नर्सरी एडमिशन के नाम पर माता-पिता छुट्टियाँ लेते हैं, स्कूल-दर-स्कूल भटकते हैं, सिफ़ारिशें ढूँढते हैं और कई बार आत्मसम्मान तक गिरवी रख देते हैं। यह सब इसलिए नहीं कि बच्चा सीख सके, बल्कि इसलिए कि वह 'अच्छे स्कूल' का टैग हासिल कर सके। आज शिक्षा संस्थान ज्ञान के मंदिर कम और प्रतिस्पर्धी बाज़ार ज़्यादा बनते जा रहे हैं। अख़बारों में 'मिशन एडमिशन' जैसे शब्द आम हो चुके हैं। टीवी चैनलों पर दाख़िले को लेकर बहसें होती हैं, कोचिंग संस्थान भविष्य की गारंटी बेचते हैं और स्कूल-कॉलेज अपनी ब्रांड वैल्यू चमकाने में लगे रहते हैं। इस पूरे तंत्र में बच्चा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट बन जाता है जिसे हर हाल में सफल दिखाना ज़रूरी है।

कभी 60-65 प्रतिशत अंक लाना सम्मान की बात हुआ करती थी। सेकंड डिविजन जीवन की हार नहीं मानी जाती थी। आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत से नीचे अंक लाने वाला बच्चा और उसके माता-पिता अपराधबोध में जीते हैं। 95-96 प्रतिशत अंक लाने वालों को भी चैन नहीं है, क्योंकि कट-ऑफ़ हर साल नई ऊँचाई छू रहा है। ऐसा लगता है मानो अंकों की इस दौड़ का कोई अंत ही नहीं। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब ज़्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक ला रहे हैं, तो क्या वास्तव में सब असाधारण प्रतिभाशाली हैं? या फिर मूल्यांकन प्रणाली ही अपना संतुलन खो चुकी है? शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना था, लेकिन वह अब अंकों और रैंक के गणित में सिमट कर रह गया है। ज्ञान से ज़्यादा प्रदर्शन मायने रखता है, और प्रदर्शन से ज़्यादा उसका प्रचार। इस पूरी प्रक्रिया का सबसे भयावह पहलू है बच्चों पर पड़ने वाला मानसिक दबाव। परीक्षा, इंटरव्यू और चयन की अनिश्चितता बच्चे के भीतर डर और असुरक्षा पैदा करती है। असफलता की स्थिति में पहला सवाल यही होता है 'अब क्या होगा?' यह सवाल सिफ़र् भविष्य का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी होता है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसकी असफलता उसके माता-पिता की हार है। यह भाव उसके आत्मविश्वास को गहरे तक चोट पहुँचाता है। विडंबना यह है कि माता-पिता भी इस दबाव के शिकार हैं। समाज ने उनके सामने सफलता की एक संकीर्ण परिभाषा रख दी है टॉप स्कूल, टॉप कॉलेज और टॉप करियर। वे यह सोचने से डरते हैं कि अगर उनका बच्चा इस तय ढाँचे में फिट नहीं हुआ, तो लोग क्या कहेंगे। परिणामस्वरूप वे बच्चे की रुचि, क्षमता और स्वभाव को नजरअंदाज़ कर देते हैं। शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानता इस समस्या को और गंभीर बना देती है। जिनके पास संसाधन हैं, वे महँगी कोचिंग, प्राइवेट स्कूल और मैनेजमेंट कोटा खरीद सकते हैं। लेकिन मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चों के लिए यह दौड़ कहीं ज़्यादा कठिन है। योग्यता के बावजूद अवसर न मिलना, व्यवस्था पर से भरोसा तोड़ देता है। धीरे-धीरे शिक्षा सामाजिक न्याय का माध्यम न रहकर विशेषाधिकार का प्रतीक बन जाती है।

एक और चिंताजनक पहलू यह है कि हम बच्चों को सोचने के बजाय रटने की ट्रेनिंग दे रहे हैं। सवाल पूछने वाले बच्चे 'डिस्ट्रैक्टेड' माने जाते हैं और उत्तर याद करने वाले 'मेधावी'। रचनात्मकता, संवेदनशीलता और नैतिकता जैसे गुण पाठ्यक्रम से बाहर कर दिए गए हैं। शिक्षा का लक्ष्य इंसान बनाना था, लेकिन हम मशीन तैयार करने में लगे हैं।

इस संदर्भ में यह सवाल बेहद ज़रूरी है—क्या शिक्षा का उद्देश्य सिफ़र् टॉपर पैदा करना है? या ऐसे नागरिक तैयार करना है जो समाज के प्रति ज़िम्मेदार हों, सवाल पूछ सकें और बदलाव ला सकें? जब तक हम इस सवाल का ईमानदारी से उत्तर नहीं खोजेंगे, तब तक दाख़िले की यह दौड़ और ज़्यादा बेरहम होती जाएगी।

ज़रूरत इस बात की है कि शिक्षा को बाज़ार से मुक्त किया जाए और मूल्यांकन प्रणाली को मानवीय बनाया जाए। स्कूलों और कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और अवसरों को समान बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास हों। सबसे ज़रूरी है माता-पिता और समाज की सोच में बदलाव—कि हर बच्चा एक जैसा नहीं होता और सफलता का एक ही रास्ता नहीं होता। अगर शिक्षा को आनंद, जिज्ञासा और आत्मविकास का माध्यम बना दिया जाए, तो दाख़िले की यह दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी। वरना हम आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसा भविष्य सौंपेंगे, जहाँ डिग्रियाँ तो होंगी, लेकिन संतुलन और संवेदनशीलता नहीं।

आज ज़रूरत इस बात की है कि हम रुककर सोचें—क्या शिक्षा का मक़सद केवल टॉपर पैदा करना है, या संवेदनशील, सोचने-समझने वाला इंसान बनाना? जब तक दाख़िले की यह अंधी दौड़ जारी रहेगी, तब तक शिक्षा बोझ बनी रहेगी, आनंद नहीं। बदलाव सिस्टम में चाहिए, लेकिन शुरुआत हमारी सोच से होगी—वरना यह दौड़ हर साल और बेरहम होती जाएगी।

# आरोपों का शोर, तथ्यों की कमी: संसद में राहुल गांधी बेबस



प्रो. आरके जैन

*संसद कोई मंच नहीं है, जहां अप्रमाणित और अप्रकाशित स्रोतों के सहारे गंभीर आरोप उछाल दिए जाएं। यहीं से राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे।*

2 फरवरी 2026 का दिन भारतीय संसदीय इतिहास में एक और तीखे और दुर्भाग्यपूर्ण टकराव के रूप में दर्ज हो गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की बहस, जो सामान्यतः सरकार की नीतियों पर गंभीर और मर्यादित विमर्श का अवसर होती है, उस दिन राहुल गांधी की आक्रामक राजनीति और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तथ्यपरक दृढ़ता की भेंट चढ़ गई। लोकसभा का वातावरण अचानक उग्र हो उठा, तर्कों की जगह शोर ने ले ली और संसद की गरिमा एक बार फिर कठघरे में खड़ी दिखाई दी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चीन, डोकलाम और गलवान का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन उनका तरीका, उनका स्रोत और उनकी प्रस्तुति ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आ गई। राहुल गांधी ने अपने भाषण में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देते हुए यह सनसनीखेज दावा कर दिया कि चार चीनी टैंक भारतीय सीमा में घुसे थे और डोकलाम की एक रणनीतिक रिज पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने इसे सीधे-सीधे मोदी सरकार की विफलता करार दिया और चुनौती भरे लहजे में सवाल उछाला कि सरकार 'सच से डर क्यों रही है?' पहली नजर में यह आरोप चौंकाने वाला था, लेकिन जैसे ही उसके स्रोत की सच्चाई सामने आई, पूरा तर्क खोखला और आधारहीन नजर आने लगा। संसद कोई मंच नहीं है, जहां अप्रमाणित और अप्रकाशित स्रोतों के सहारे गंभीर आरोप उछाल दिए जाएं। यहीं से राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे। संसद के नियम 349 के तहत किसी भी अप्रकाशित, असत्यापित या अप्रमाणिक स्रोत से उद्धरण देना सख्त रूप से निषिद्ध है। जनरल नरवणे की किताब न तो प्रकाशित हुई थी और न ही उसे किसी आधिकारिक प्रक्रिया के तहत संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसके बावजूद राहुल गांधी ने कारवां मैगजीन के एक लेख को आधार बनाकर पूरे सदन को गुमराह करने का प्रयास किया। यह केवल संसदीय नियमों का उल्लंघन नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर घोर गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी परिचायक था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर बिना किसी हिचक के कड़ा और स्पष्ट ऐतराज जताया। शांत लेकिन सधे हुए शब्दों में उन्होंने सवाल किया कि राहुल गांधी आखिर किस किताब का उल्लेख कर रहे हैं, जिसे न उन्होंने स्वयं देखा है और न ही संसद के पास उसका कोई आधिकारिक संज्ञान है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि जनरल नरवणे के पास कोई नई या गंभीर जानकारी होती, तो वह संवैधानिक मर्यादाओं के तहत सीधे सरकार को अवगत कराते। उन्होंने यह भी दोहराया कि नरवणे ने कभी अपनी किताब के प्रकाशन को लेकर किसी तरह की कानूनी लड़ाई नहीं लड़ी। रक्षा मंत्री का यह तर्कपूर्ण जवाब न सिर्फ संसदीय नियमों पर आधारित था, बल्कि राहुल गांधी के पूरे राजनीतिक नैरेटिव की बुनियाद को ही हिला देने वाला साबित हुआ।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### मेकअप



मिसेज वालिया कहीं भी जाएं मेकअप करवाने मेरे ही ब्यूटी पार्लर में आती हैं । उस दिन भी आई थीं । गाड़ी भी अच्छी तरह से पार्क नहीं की उन्होंने और लगभग हांफ सी रही थीं । वे सफेद साड़ी, सफेद चूडियां, सफेद ही चप्पल पहनी थीं।

'प्लीज ..प्लीज आज बहुत जल्दी में हूं । जितनी जल्दी हो मुझे तैयार कर दे ... मेरी बहन । एक जगह जाना है ।' उनकी हड़बड़ाहट अपने चरम पर थी । 'कहां जाना है दीदी ?'

'अरे क्या बताऊं तुझे .. वो मेरी छोटी बहिन है ना ... अरे वही लवली! उसका ना...देवर.... उसका देवर एक एक्सीडेट में ........ । उसकी डैडबॉडी घर आ गई है । अफसोस करने के लिए जाना है ... बहुत हल्का सा... आई मीन लाइट .. बस लाइट सा कर दे....! अरे जल्दी कर दे ना मेरी मां! लेकिन ध्यान रहे .....जल्दी करने में मेकअप खराब नहीं लगना चाहिए.... ध्यान रखना मेकअप साड़ी ब्लाउज और चूडियों से मैच करे.....तू समझ रही है ना ?' मिसेज वालिया की जल्दी को देखते हुए, मैं मेकअप करने में जुट गई थी ।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# दस्त से है बुरा हाल? तुरंत खाएं रसोई में रखी ये चीजें, मिनटों में मिलेगा आराम

पेट में गड़बड़ी या दस्त की समस्या किसी को भी और कभी भी हो सकती है। इन दिनों तो बदलते मौसम की वजह से पेट की समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ रही हैं। दरअसल, अक्सर बाहर का गलत खान-पान, इंफेक्शन या मौसम में बदलाव की वजह से पेट का हाल बेहाल हो जाता है। दस्त की वजह से शरीर का पूरा पानी निकल जाता है, जिससे कमजोरी और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी बार-बार वॉशरूम जाने से परेशान हैं और दवाइयों के बावजूद आराम नहीं मिल रहा, तो आपके किचन में ही इसका पक्का इलाज मौजूद है।

1. दही और केला खाएं- दस्त लगने पर दही और केला सबसे असरदार घरेलू उपाय माना जाता है। केले में प्रचुर मात्रा में 'पेक्टिन' होता है, जो स्टूल को बांधने में मदद करता है। वहीं दही एक बेहतरीन 'प्रोबायोटिक' है, जिसमें मौजूद गुड बैक्टीरिया पेट के इंफेक्शन को खत्म करते हैं और पाचन तंत्र को ठीक करते हैं। कैसे खाएं- एक कटोरी ताजे दही में एक पका हुआ केला मैश करके खाएं। इसमें आधा चम्मच भुना हुआ जीरा भी मिला सकते हैं।

2. भुना हुआ जीरा और छाछ -दस्त के दौरान पेट में होने वाली मरोड़ और गैस को शांत करने के लिए छाछ रामबाण है। ऐसे में भूना हुआ जीरा डालकर छाछ पीने से राहत मिलकी है। बता दें कि छाछ शरीर को हाइड्रेटेड रखती है और जीरा पाचन अग्नि को संतुलित करता है। जीरे में एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं जो पेट के हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। कैसें करें सेवन -एक गिलास ताजी छाछ में आधा चम्मच भुना हुआ जीरा पाउडर और चुटकी भर काला नमक मिलाकर पिएं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए व्यापार और धन में वृद्धि का संकेत लेकर आया है। यदि आप अपनी आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

### वृष
आज का दिन आर्थिक उन्नति और नए अवसरों से भरा रहेगा। आमदनी बढने के संकेत मिल रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद अनुकूल है। पढ़ाई में मन लगेगा और परिणाम भी अच्छे आएंगे।

### मिथुन
आज आप अच्छे खान-पान और आराम का भरपूर आनंद लेंगे। सरकारी कामों में थोड़ी देरी हो सकती है, लेकिन धैर्य रखें। यदि आप संपत्ति की खरीद-बिक्री की योजना बना रहे थे, तो आज वह सौदा पक्का हो सकता है।

### कर्क
आज का दिन आपको सेहत को प्राथमिकता देने का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन नकारात्मक सोच से दूर रहें। नौकरी बदलने के योग बन रहे हैं।

### सिंह
आज का दिन नई शुरुआत और सफलता का है। धन-धान्य में वृद्धि होगी और कानूनी मामलों में जीत मिलने से मन खुश रहेगा। यदि आप प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े हैं।

### कन्या
व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण रह सकता है। किसी सहयोगी की बात आपको चुभ सकती है, लेकिन संयम रखें। पिता जी यदि कोई जिम्मेदारी सौंपें, तो उसमें पूरी निष्ठा दिखाएं।

### तुला
आज का दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। किसी काम में निराशा हाथ लगने से मन उदास रहेगा। बिना सोचे-समझ निवेश करने से नुकसान हो सकता है। कार्यस्थल पर बदलाव की आवश्यकता पड़ेगी। संतान की सेहत पर विशेष ध्यान दें।

### वृश्चिक
आज का दिन खुशियां लेकर आएगा। मन प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। पुरानी किसी गलती से सीख लेना आज आपके लिए बहुत जरूरी है। सेहत के प्रति सजग रहें।

### धनु
आज मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रह सकता है। संतान पक्ष से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। कामों में जल्दबाजी करने से गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए धैर्य रखें।

### मकर
आज का दिन सुख-सुविधाओं में वृद्धि करने वाला है। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। काम के सिलसिले में यात्रा भी संभव है। कानूनी मामलों से थोड़ी चिंता हो सकती है।

### कुंभ
आज आप थोड़े मानसिक दबाव में रह सकते हैं और आत्मविश्वास भी कमजोर महसूस होगा। यदि किसी काम को लेकर मन में संशय है, तो उसमें आगे बढने से रुकना ही बेहतर रहेगा।

### मीन
आज का दिन भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। परिवार में यदि मतभेद हो, तो आप शांतिपूर्वक माहौल संभालने की कोशिश करें। व्यवसाय में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी।

# आशांवित ब्लॉक गंगापुर सिटी में संपूर्णता अभियान 2.0 शुरू

## स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और स्वच्छता में शत-प्रतिशत संतृप्ति का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** आशान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ विगत दिवस मधुबन रिसॉर्ट, गंगापुर सिटी में जिला कलक्टर काना राम के आतिथ्य एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 एक समन्वित, डेटा-आधारित एवं परिणामोन्मुखी पहल है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान 1.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण गंगापुर सिटी ब्लॉक को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ था और उसी क्रम में अब अभियान 2.0 को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।



### छह प्रमुख इंडिकेटरों पर रहेगा विशेष फोकस

जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान 2.0 के अंतर्गत कुल छह प्रमुख इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैंकृमहिला एवं बाल विकास विभाग के चार, पशुपालन विभाग का एक तथा शिक्षा विभाग का एक इंडिकेटर। इन सभी संकेतकों पर अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाएगा। अभियान का आयोजन 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा, जिसके तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, कुपोषण की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रहेगा।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान परिणाम-आधारित प्रशासन, समावेशी विकास और सेवा वितरण में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला स्तर पर 5 तथा ब्लॉक स्तर पर 6 नीति संकेतकों को शत-प्रतिशत सैचुरेट करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए विभागीय समन्वय, नियमित फील्ड मॉनिटरिंग, डेटा समीक्षा और सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### 14 अप्रैल तक चलेगा अभियान

मुख्य आयोजना अधिकारी विजेन्द्र जाट ने बताया कि 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक चरणबद्ध गतिविधियां की जाएंगी। अभियान की शुरुआत ग्राम सभाओं के आयोजन से की गई है, जिनमें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन से संबंधित संकेतकों की संतृप्ति हेतु प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन और स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई जा रही है।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह तोमर, एसडीएम गंगापुर सिटी बृजेन्द्र मीना, एसडीएम वजीरपुर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान पंचायत समिति गंगापुर सिटी मंजू गुर्जर, नीति आयोग आशान्वित ब्लॉक फैलो, सम्बन्धित विभाग के जिला एवं ब्लॉक अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रशासक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मासूम को मिला ममता का आँचल, दत्तक माता-पिता के घर गूंजी किलकारियां

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** बाटोदा थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व लावारिस अवस्था में मिली नवजात बालिका को विधिक प्रक्रिया के अनुसार जिला कलक्टर काना राम द्वारा दत्तक-ग्रहण पूर्व पोषण एवं देखभाल हेतु दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। इस मानवीय पहल से जहां मासूम को माता-पिता का स्नेहपूर्ण आंचल मिला, वहीं वर्षों से संतान सुख की प्रतीक्षा कर रहे दत्तक माता-पिता के जीवन में खुशियों की नई शुरुआत हुई।



### विधिक प्रक्रिया से सुरक्षित दत्तक ग्रहण

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विमलेश कुमार ने बताया कि बालिका लावारिस अवस्था में मिलने पर ग्रामीणों, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस के सहयोग से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति के आदेशानुसार बालिका को पहले राजकीय चिकित्सालय एवं तत्पश्चात शिशु गृह में उपचार एवं पालन-पोषण प्रदान किया गया।

### सीएआरए पोर्टल से हुई ऑनलाइन मैचिंग

बालिका का विवरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दत्तक ग्रहण पोर्टल सीएआरए पर अपलोड किया गया, जहां ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से लगभग तीन वर्षों से संतान की प्रतीक्षा कर रहे दत्तक माता-पिता से बालिका की मैचिंग की गई। इसके पश्चात दत्तक ग्रहण समिति द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन, सामाजिक-आर्थिक जांच एवं चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। सभी मापदंड पूर्ण होने पर जिला कलक्टर द्वारा बालिका को विधिवत दत्तक माता-पिता को सौंपा गया।

### गोद में लेते ही छलक उठीं खुशियाँ

बालिका को गोद में लेते ही दत्तक माता-पिता भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि आज उनका परिवार पूर्ण हो गया है और वे बालिका को प्रेम, सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेंगे।

# दूनी में श्याम बाबा की मूर्ति दूनीप्राण प्रतिष्ठा का शुभारम्भ, 1101 महिलाओ ने निकाली भव्य कलश यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**दूनी (नि.स.)।** दूनी में श्री श्याम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार से शुरू हो गया। पांच दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन दूणजा माता मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। बैंड-बाजों की मधुर धुनें और भक्ति भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा दूणजा माता मंदिर परिसर से रवाना होकर मुख्य बाजार से होते हुए आवां रोड स्थित नवनिर्मित बाबा श्याम मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर अनुशासित ढंग से चल रही यह यात्रा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान 'हारे का सहारा बाबा श्याम' सहित अन्य धार्मिक जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्री श्याम परिवार द्वारा भामाशाहों के सहयोग से दूनी नगरपालिका मुख्यालय पर आवां रोड पर खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 3 से 7 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। आचार्य ब्रज मोहन शर्मा के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई। महोत्सव के तहत 3 से 6 फरवरी तक नानी बाई का मायरा होगा। 7 फरवरी को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और अखंड ज्योत की स्थापना की जाएगी।

# आषार्थी 3 दिवस मे आक्षेप पूर्ति कर आवेदन पत्र ऑनलाइन सबमिट करें

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एंव विकास सहकारी निगम लि. द्वारा राष्ट्रीय निगमों की योजनाओं अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, स्वच्छकार वर्ग, विकलांग वर्ग एंव अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु राष्ट्रीय निगम की विभिन्न ऋण परियोजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों के अनुसार ऋण उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न ऋण परियोजनाओं के आवेदन पत्र ई-मित्र के माध्यम से ऑन-लाईन दिनांक 31 दिसम्बर-2025 तक आमन्त्रित किये गये थे। परियोजना प्रबन्धक राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एंव विकास सहकारी निगम लि. टोंक ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रो के अनुसार आषार्थियों के साक्षात्कार आयोजित किये जाने है।

अतः प्रथम दृष्टिया जांच पर जिन आषार्थियों के आवेदन पत्रों मे आक्षेप पाये गये है, वह आषार्थी 3 दिवस मे आक्षेप पूर्ति कर आवेदन पत्र ऑनलाईन सबमिट कर लेवें।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुजा निगम, टोंक जिला परिषद् (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ) परिसर द्वितीय तल, टोंक से सम्पर्क करें।

# 'सोना महंगा, लेकिन ईमानदारी अनमोल'- माणक चौक में दो लाख का झूमका लौटाया

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** देश में सोना-चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं और अफरातफरी मच रही है, ऐसे में किसी ने 14 ग्राम सोना (करीब 2 लाख) का आभूषण को ईमानदारी का परिचय देते हुए लौटा दिया। यानी सोना के दाम बेतहाशा बढने के बाद भी आज भी लालच नहीं इमानदारी जिंदा है। मामला ये है कि सोमवार दोपहर बाद करीब 5.15 बजे राम अवतार सोनी पुत्र कालूराम सोनी की पत्नी सीमा सोनी कार से किसी कार्यक्रम में शामिल हो कर से माणक चौक बाजार में आईं थीं, कार से उतरते समय पर्स गिर गया, जिसमें कान का झूमका रखा हुआ था। घर जाने के देखा तो पर्स नहीं मिला। सीमा सोनी ने अपने पति राम अवतार सोनी को बताया। इस पर पहले बाजार में आस-पास तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। इस पर राम अवतार सोनी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। एएसआई रामफूल तथा हेड कांस्टेबल हरिशंकर सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने देर रात तक तलाश किया और आस-पास के सीसीटीवी कैमरे में फूटेज देखें, लेकिन स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था। मंगलवार सुबह माणक चौक में मणिहारी की दुकान करने वाले श्याम सुंदर पुत्र सत्यनारायण पटवा ने इमानदारी का परिचय देते हुए (करीब 2 लाख रुपए का कान झूमका) बताया कि मुझे मिला है। दोनों पक्ष पुलिस थाना में एएसआई रामफूल और हेड कांस्टेबल हरिशंकर की उपस्थिति में इमानदारी का परिचय देते हुए कान झूमका लौटा दिया। इस मौके पर समाज के रामपाल सोनी, नन्द किशोर सोनी, कैलाश सोनी मौजूद रहें।



# शहर के विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं गुणवत्ता से ना हो समझौता-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर शहर के विभिन्न विकास कार्यों एवं गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन के सम्बन्ध में मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलक्टर कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने शहर की स्वच्छता, यातायात, सडक़ निर्माण, बिजली-पानी, सीसीटीवी निगरानी एवं स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

*यातायात सुधार, अवैध गतिविधियों पर सख्ती और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर जोर :-* उन्होंने रणथम्भौर रोड पर परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ऐसे होटलों एवं मैरिज गार्डनों, जिनमें पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध नहीं है एवं एवं ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश तहसीलदार नीरू सिंह एवं नगर परिषद के राजस्व अधिकारी विजेन्द्र मीना को दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि होटल और मैरिज गार्डन संचालक स्वयं गार्ड नियुक्त कर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था करें। साथ ही रणथम्भौर रोड के दोनों ओर संचालित ढाबों एवं थड़ी-ठेलों को अन्यत्र शिफ्ट कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। जिला कलक्टर ने हम्मीर सर्किल से आलनपुर तक सडक़ चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान विद्युत, पेयजल, राजनेट एवं अन्य केबलों को पूर्व में ही सीसी व बीटी सडक़ सीमा के बाहर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में स्वीकृत सडक़ों के निर्माण से पूर्व पुरानी सडक़ की खुदाई की जाए, क्षतिग्रस्त पेयजल एवं सीवरेज लाइनों को दुरस्त कर नई सडक़ का निर्माण किया जाए, जिससे भविष्य में बार-बार सडक़ तोडऩे की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल एवं तहसीलदार नीरू सिंह को निर्देश दिए कि वे निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी यूटिलिटी लाइनों को अंडरग्राउंड करने से पूर्व समुचित योजना बनाने पर विशेष जोर दिया और कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएं। सडक़ चौड़ाईकरण के दौरान हटाए गए प्रत्येक पेड़ के स्थान पर पांच-पांच नए पेड़ अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने हम्मीर ब्रिज पर हाईलाईटिंग, फाउण्टेन सहित अन्य सौन्दर्यकरण व निर्माण कार्य फरवरी माह में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए ताकि रेलवे से ब्लॉक मिलते ही ब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके।



# सीएलजी बैठक में कानून व्यवस्था पर मंथन; नशे के सौदागरों और बाइकर्स पर नकेल कसने की उठी मांग



बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (टोंक)।** कस्बे के पुलिस थाना परिसर में सोमवार को कम्युनिटी लाइजनिंग ग्रुप की बैठक का आयोजन किया गया। सहायक निरीक्षक रतन लाल की अध्यक्षता मे आयोजित इस बैठक का मुख्य ध्येय पुलिस-पब्लिक संवाद को मजबूत कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने ने स्पष्ट किया कि अपराध मुक्त समाज की स्थापना केवल पुलिस के भरोसे संभव नहीं है, इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा अपराधियों में कानून का भय पैदा करने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। नागरिक किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने कस्बे की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदस्यों ने शिकायत की कि तेज रफ्तार बाइकर्स: स्कूल, कॉलेज और मुख्य बाजार में युवा तेज हॉर्न बजाते हुए लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे राहगीरों को खतरा बना रहता है। अवैध कैफे और नशा- कस्बे में संचालित कुछ कैफे की संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने और युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने वाले सौदागरों पर कार्रवाई के लिए विशेष टीम गठित करने की मांग की गई।

# अग्रवाल समाज चौरासी परिषद का स्नेह मिलन व सम्मान समारोह हुआ आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे के श्री पदम प्रभु जिनालय में टोडारायसिंह की महिला ब्लॉक अध्यक्ष रेखा जैन गुच्छी वाले के सानिध्य में टोडारायसिंह ब्लॉक का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में अग्रवाल समाज चौरासी महिला अध्यक्ष बीना छामुनिया एवं प्रबंध कार्यकारिणी महिला संरक्षण इंदू मित्तल सम्मिलित हुए।अतिथियों का स्वागत सम्मान के साथ टोडारायसिंह ब्लॉक की नव गठित कार्यकारिणी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बीना छामुनिया ने जैन समाज में फैली हुई कई कुरीतियों जैसे1. प्री वेडिंग शूट2. समाज में टूटते रिश्तों की वजह 3. विवाह की सही उम्र एवं जैन समाज का एक 'अग्र जैन कार्ड'बनाया जाएगा। कोई भी परेशानी होने पर कार्ड की सहायता से प्रत्येक क्षेत्र में सहायता प्राप्त होगी। छामुनिया ने बताया कि महिला शिक्षा जिसमें 'बेटी ब्याओ बहू पढ़ाओ'इस पर यदि जोर दिया जाए तो समाज में टूटते रिश्तों को रोका जा सकता है। जैन समाज के प्रत्येक महिला शिक्षित हो स्वरोजगारित हो।महिला स्वरोजगार में सिलाई, मेहंदी, रेंट की ड्रेस, क्राफ्टिंग ,कुकिंग ,मांगोड़ी/पापड़ बनाने आदि में जो महिलाएं या बालिकाएं अव्वल है उन सबकी लिस्ट बनाकर प्रत्येक ब्लॉक से तैयार की जाएं ताकि उनको आगे बढ़ावा मिले रोजगार मिले। विवाह के लिए एक ऐसी सशक्त टीम तैयार हो जो ये ब्यौरा तैयार करे कि किस क्षेत्र में कितने बालक बालिकाएं विवाह योग्य है ताकि सही उम्र में सभी को जीवन साथी मिले।।अग्र कार्ड का डाटा एकत्रित करने के लिए भी एक टीम बनाई जाएगी।। बीना छमुनिया का प्रयास यदि जैन समाज का हर व्यक्ति अपनाए तो यह प्रयास जैन समाज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।। इस मौके पर संरक्षक मुन्नी देवी, महामंत्री शिमला जैन,अंजना झंडा, मंत्री माया जैन, उपाध्यक्ष ललिता जैन,अनीता जैन,सह मंत्री शशि जैन, सुमन झण्डा, सुमन दरवाजा, रेखा भटेडा मीडिया प्रभारी मोनिका जैन सांस्कृतिक प्रभारी ममता जैन तथा आमंत्रित सदस्यों में मुन्नी देवी पार्षद, संध्या जैन,ज्योति जैन, इंद्रा,मधु, नीतू, कविता, मोना, टीना, सोनिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# चांदी के लिए कत्ल, दिनदहाड़े महिला के दोनों पांव काटे, इलाके में फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के बौंली क्षेत्र में मंगलवार दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। कोडयाई गांव में खेत में बकरी चराने गई एक महिला की अज्ञात बदमाशों ने निर्ममता से हत्या कर दी। धारदार हथियार से किए गए हमले में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला रोजाना की तरह खेत में बकरियां चरा रही थी। इसी दौरान बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। लूट की नीयत से बदमाशों ने महिला के पैर काट दिए और उसके पहने हुए चांदी के कड़े लेकर फरार हो गए। घटना इतनी भयावह थी कि आसपास के लोग सहम गए । घटना की सूचना मिलते ही बौंली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है और पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। इधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है, जिसके चलते इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासा करने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# युवक ने अज्ञात कारणो के चलते कुएं मे छलांग लगा कर आत्म हत्या की

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के पास रात्रि मे एक युवक ने अज्ञात कारणो के चलते कुएं मे छलांग लगा कर आत्म हत्या कर ली । थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि मृतक संयम भंडारी 24 पिता रमण भंडारी निवासी गंगधार ने रात्रि को चौमहला के समीप एक कुएं में छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, गंगधार कस्बे के कहार समाज के युवको ने बड़ी मशक्कत से शव को बाहर निकाला पुलिस ने शव सामुदायिक केन्द्र चौमहला की मोर्चरी मे रखवाया मंगलवार सुबह शव का पीएम करवा कर शव परिजनों को सुपर्द किया।

# सैकड़ों लोगों ने हाथों में मशाल लेकर निकाली रैली

# यूजीसी कानून का विरोध; वापस लेने की मांग

## प्रदर्शनकारियों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में यूजीसी कानून के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक से शुरू होकर मन्नी का बड़, पंसारी बाजार और घंटाघर होते हुए होप सर्कस पर पहुंचा। सकल सामान्य वर्ग संघर्ष समिति के बैनर तले शहर में मंगलवार को यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग पर यह मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। वहीं यूजीसी कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की। वहीं प्रदर्शनकारियों ने इस मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। मशाल जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में मशालें और 'यूजीसी काला कानून वापस लो', 'यूजीसी रोल बैक करो' जैसी तख्तियां लिए हुए नजर आए। होप सर्कस पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान माहौल शांतिपूर्ण रहा, लेकिन विरोध का स्वर मुखर दिखाई दिया।




**समानता का अधिकार छीनने का काम कर रहा यह कानून**

सकल सामान्य वर्ग संघर्ष समिति के संयोजक राजेश कृष्ण सिद्ध ने बताया- केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यूजीसी कानून सामान्य वर्ग के लिए शिक्षा क्षेत्र में गलत और अन्यायपूर्ण है। यह कानून सामान्य वर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात करता है और संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा- संविधान सभी लोगों को समानता का अधिकार देता है, लेकिन यह कानून उस अधिकार को छीनने का काम कर रहा है। सरकार इस कानून के जरिए शिक्षा के अधिकार को खत्म करने का प्रयास कर रही है। समाज में भाईचारे को नुकसान पहुंचा रही है। संयोजक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस काले कानून को वापस नहीं लिया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि या तो सरकार यूजीसी काला कानून वापस ले, अन्यथा जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे।

## अलवर जिले के पटवारियों की हड़ताल जारी, कलेक्टर से मिले:मिला आश्वासन; सस्पेंड पटवारी को बहाल नहीं किया गया तो होगा उग्र आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिले के पटवारियों की दूसरे दिन मंगलवार को भी हड़ताल जारी रही। मिनी सचिवालय के बाहर बैठे पटवारियों के प्रतिनिधिमंडल ने अलवर कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला से मुलाकात कर सस्पेंड पटवारी को बहाल करने की मांग की। इस दौरान पटवारियों ने चेताया कि सस्पेंड पटवारी करण सिंह को बहाल नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पटवारी संघ के प्रतिनिधि ने कहा कि मिनी सचिवालय के बाहर धरना जारी है। पटवारी हड़ताल पर हैं। हालांकि, मंगलवार को कलेक्टर ने समाधान करने का आश्वासन दिया है। सस्पेंड पटवारी के बहाल नहीं होने तक आंदोलन को उग्र करेंगे। महासंघ को भी पटवार संघ का साथ देना पड़ेगा।



**प्रशासन ने तानाशाह तरीके से किया निलंबन**

जिला महामंत्री केशव सिंह ने कहा कि प्रशासन ने तानाशाह तरीके से निलंबन किया। कोर्ट से स्थगन के आदेश की पालना नहीं हो रही है। जिसके कारण पटवार संघ में रोष है। कई बार प्रशासन को वास्तविकता से अवगत करा दिया। उसके बावजूद उनकी नहीं सुनी जा रही है। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

**जानिए, क्या है पूरा मामला**

वर्ष 1992 में अलवर-भिवाड़ी रोड निर्माण के लिए आठ गांव- अलवर नंबर एक, सामोला, मूंगस्का, भूगोर, बल्लाबोड़ा, खुदनपुरी, देवखेड़ा और तूलेड़ा की जमीन का अवार्ड जारी हुआ था। हालांकि, यह जमीन पीडब्ल्यूडी के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो सकी। करीब दो साल पहले देवखेड़ा के पटवारी करण सिंह चौधरी ने विरासत का एक म्यूटेशन खोल दिया था। इस पर 24 दिसंबर को जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने पीडब्ल्यूडी की अवाप्तशुदा जमीन का नामांतरण विभाग के नाम दर्ज न कर व्यक्ति विशेष के नाम दर्ज करने को राजकार्य में लापरवाही मानते हुए पटवारी करण सिंह को निलंबित कर दिया था।

करण सिंह इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट से स्टे लेकर आए और 13 जनवरी को प्रशासन के सामने स्टे पेश किया, इसके बावजूद उन्हें बहाल नहीं किया गया। पटवारियों की मांग है कि निलंबित पटवारी करण सिंह चौधरी को न्याय दिलाया जाए और उन्हें तत्काल पुनः ज्वॉइन कराया जाए।

## आईपीएस स्कूल में विज्ञान मेले का हुआ आयोजन, विज्ञान मेले में नन्हे वैज्ञानिकों के मॉडल देखकर हुए हैरान लोग



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के भगत का बास में स्थित एम आई पब्लिक स्कूल में रविवार को विज्ञान मेले का आयोजन हुआ। विज्ञान मेले का शुभारंभ अवधूत आश्रम के अमन भारती जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर व पूजा अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य भारत भुषण शर्मा, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ खेमसिंह आर्य, एडवोकेट जितेंद्र सैनी, मीनू मेठी रही। मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र प्रतिभाग किया। उन्होंने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली कम लागत की सामग्री का उपयोग करते हुए मॉडल तैयार किए। छात्रों ने मॉडलों को प्रदर्शित कर उनके पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाया। बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के मॉडल बनाएं गये जो आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय की निदेशक बबीता शेखावत ने बताया कि विज्ञान मेला करके सीखने की पद्धति को सशक्त करता है और बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रेरित करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्लॉट के फर्जी दस्तावेज दिखाकर की 7.88 लाख रुपए की धोखाधड़ी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर के कोतवाली थाने क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपए की ठगी करने का एक मामला सामने आया है। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी सियाराम स्वामी (33) पुत्र मुंशी स्वामी निवासी इंद्रा कॉलोनी अलवर ने मामला दर्ज कराया कि आरोपी पवन कुमार ने सियाराम से वर्ष 2018 में चंदबास गांव स्थित खसरा नंबर 1141 की भूमि में से प्लॉट नंबर 33 बेचने का सौदा 3.60 लाख रुपए में किया। इस सौदे के तहत इकरारनामा किया गया और धीरे-धीरे कुल 6.38 लाख रुपए विभिन्न किस्तों व रसीदों से लिए। इस दौरान आरोपी ने न तो प्लॉट का कब्जा दिया और न ही रजिस्ट्री कराई। बाद में आरोपी ने एक और प्लॉट मन्नाका गांव में होने का दावा करते हुए वर्ष 2023 में 8.01 लाख रुपए का नया सौदा कराया। इसमें 1.50 लाख रुपए चेक के जरिए लिए। जांच में सामने आया कि दोनों ही प्लॉट का आरोपी के पास कोई वैध टाइटल नहीं था। परिवादी का आरोप है कि आरोपी ने जानबूझकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे गुमराह किया। उसका फायदा उठाकर कुल 7.88 लाख रुपए हड़प लिए। बाद में आरोपी ने रकम लौटाने के नाम पर पांच चेक भी दिए।

## राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष भडाणा ने छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन जी.डी. कॉलेज परिसर में संचालित राजकीय देवनारायण कन्या महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

देवनारायण अध्यक्ष भडाणा ने निरीक्षण के दौरान छात्रावास में आवासित छात्राओं से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेकर छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया कि छात्राओं को ओर बेहतर सुविधाऐं प्रदान की जावें। साथ ही छात्रावास में समय-समय पर सामाजिक कार्यकर्ता, एन.जी.ओ. प्रतिनिधि एवं प्रेरक वक्ता द्वारा मोटिवेशनल सेशन आयोजित करवाए जाकर छात्राओं को मोटिवेशन एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक सामाजिक जानकारी/कानूनों की जानकारी प्रदान करावें। इसके उपरान्त उन्होंने श्री पटेल गुर्जर छात्रावास का निरीक्षण किया तथा छात्रों एवं अधिकारियों के साथ 2 मिनट का मौन रखकर पूर्व केबिनेट मंत्री स्व. हेमसिंह भडाणा को श्रद्धांजलि दी।



इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मीणा एवं छात्रावास अधीक्षक मौजूद रहे।

**तहसील स्तरीय कार्यकर्ता स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

# नचिकेता गुरुकुल द्वारा14 बालिकाओं को 1लाख 40 हजार से किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** 8विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में नचिकेता गुरुकुल जयपुर द्वारा तहसील स्तरीय कार्यकर्ता स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में अनुशासित एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा को केवल शैक्षणिक उपलब्धि तक सीमित न रखते हुए उसे संस्कार, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण से जोडऩे की भूमिका को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान सत्र में विद्या भारती के अलवर जिलाध्यक्ष घासीराम यादव मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।' उन्होंने नचिकेता गुरुकुल द्वारा ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक अवसरों की सराहना की।कार्यक्रम में नचिकेता गुरुकुल के सचिव देवेन्द्र धाकड़ ने संस्था की कार्यदृष्टि एवं दीर्घकालिक शैक्षिक योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा नचिकेता गुरुकुल शिक्षा को एक सतत प्रक्रिया के रूप में देखता है, जिसमें प्रतिभा की पहचान के साथ-साथ नियमित मार्गदर्शन, वैचारिक संवाद और व्यक्तित्व विकास को समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा छात्राओं को छात्रवृत्ति, बौद्धिक सत्रों, प्रतिभा विकास शिविरों एवं निरंतर संपर्क के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनमें लक्ष्य के प्रति स्पष्टता, अनुशासन और सामाजिक चेतना का विकास हो रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नचिकेता गुरुकुल की प्रत्येक गतिविधि औऱ उसका ध्येय वाक्य चरित्र निर्माण से श्रेष्ठ नागरिक निर्माण एवं श्रेष्ठ नागरिकों से राष्ट्र निर्माण से प्रेरित है।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित छात्राओं के अनुभव सत्र में प्रतिभागी छात्राओं ने गुरुकुल से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक और मार्गदर्शन कार्यक्रमों से प्राप्त लाभों पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं और शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 14 छात्राओं को01 लाख40 हजार रुपए का चैक द्वारा राशि देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यकर्ता स्नेह मिलन सत्र में आगामी समय में तहसील स्तर पर शैक्षणिक संवाद, प्रतिभा पहचान एवं मार्गदर्शन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। प्रधानाचार्य अशोक सैनी ने बताया कि नचिकेता गुरुकुल भविष्य में भी इसी प्रकार चरणबद्ध रूप से अपने शैक्षिक कार्यक्रमों का विस्तार नारायणपुर तहसील में निरन्तर करता रहेगा। इस मौके पर मालीराम जोशी कोलकाता, विद्यालय अध्यक्ष वैध भवानीशंकर शर्मा, व्यवस्थापक देवेन्द्र शेखावत, सुनील कुमार शर्मा सचिव श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति, महेश चन्द सैनी, पूर्व छात्र कृष्ण कुमार भादू, प्रतापगढ़ विद्यालय प्रधानाचार्य सुवालाल शर्मा, अशोक कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## घुमंतू सहायता शिविर का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति राजगढ़ में बुधवार को घुमंतु सहायता शिविर लगाया जायेगा। जिसमें घुमन्तु समुदाय के सभी व्यक्तियों का ऑन-लाईन घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र जारी किये जाकर राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से जोडा जायेगा। घुमंतु सहायता शिविर में घुमंतु पहचान प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान-पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र और दिव्यांग लाभार्थी के यूडीआईडी कार्ड और सहायता उपकरण हेतु आवेदन करवाए जायेंगे।

## आंखों की निशुल्क जाँच कर दिया परामर्श

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान में टेलको चौराहे पर कैंप लगाकर वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई जिसमें कुल 53 लोगों की नि:शुल्क जांच की गई।बहुत ही सराहनीय कदम डॉक्टर श्रॉफ आई हॉस्पिटल द्वारा उठाया गया हर साल की भांति इस साल भी लोगों की आंखों की जांच के साथ-साथ यातायात नियमों की पालना करने की सलाह दी गई। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी योगेश यादव द्वारा यह जानकारी साझा की गई। डॉक्टर श्रॉफ आई चैरिटेबल हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी योगेश यादव ने कहा कि पूरा सप्ताह भर तक यातायात पुलिस के साथ मिलकर डॉ. श्रॉफ चैरिटेबल हॉस्पिटल यह कार्य करेगा।



## वन राज्यमंत्री की अनुशंसा पर शहर में सीवरेज व नाला निर्माण हेतु 25 करोड़ की स्वीकृति राज्य सरकार ने जारी की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड रूपये की लागत से सीवरेज व नाला निर्माण के कार्य के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार अलवर शहर के अरावली विहार फेज प्रथम, द्वितीय एवं अम्बेडकर नगर एम एवं एन ब्लॉक में सीवर लाइन डालने तथा नाला निर्माण कार्य हेतु 25 करोड रूपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। इस कार्य से उक्त संबंधित कॉलोनियों में आधारभूत सुविधाओं में विकास के साथ शहर की स्वच्छता एवं ड्रेनेज सिस्टम का सुदृढीकरण होगा।

## लाल डिग्गी पर्यटन स्थल का होगा सौन्दर्यकरण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनांतर्गत अलवर शहर में स्थित पर्यटक स्थल लाल डिग्गी के सौन्दर्यकरण एवं विकास हेतु 3 करोड 40 लाख रूपये की राशि अनुमोदित की है।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनांतर्गत 3 करोड 40 लाख रूपये की राशि से पर्यटक स्थल लाल डिग्गी में सौन्दर्यकरण एवं विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसके तहत लाइट एण्ड साउण्ड शो म्यूजिकल फाउण्टेन, स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिए शॉप व कैनोपी, फूड कोर्ट, साउण्ड सिस्टम, प्लांटेशन के माध्यम से भी सौन्दर्यकरण, आकर्षक पेंटिंग, साइनेज, मरम्मत कार्यों के साथ-साथ महिला एवं पुरूष शौचालय, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे एवं डस्टबिन आदि के कार्य कराए जाएंगे।

## अलवर में 4 और 5 फरवरी को बादल छाए रहेंगे:कल मौसम साफ रहेगा, घने कोहरे के चलते आज विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर शहर व जिले में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी घटकर करीब 50 मीटर दर्ज की गई। कोहरे के चलते सडक़ों पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, खासकर सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और लंबी दूरी के यात्रियों को दिक्कतें हुईं। कई स्थानों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। हालांकि सुबह के समय सूरज निकलने के बाद और शीतलहर चलने से कोहरा धीरे-धीरे साफ होने लगा, जिससे दोपहर तक स्थिति में कुछ सुधार देखने को मिलेगा। इसके बावजूद हल्की शीतलहर के चलते सुबह-शाम ठिठुरन बनी हुई है।मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को मौसम साफ रहेगा, जबकि गुरुवार और शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। जिले में न्यूनतम तापमान करीब 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। वहीं, अलवर में नए पश्चिमी विक्षोभ (वेदर सिस्टम) का असर फिलहाल कम देखने को मिला है, जिसके चलते बारिश की संभावना कम बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

## घरों में नाली का पानी सप्लाई-महिला बोली- बदबू इतनी तेज कि नल खोलना भी मुश्किल; शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर शहर के स्कीम दो के टिटोड़ा मोहल्ले में नाली का पानी नलों में पहुंच रहा है। पिछले करीब 2 महीने से ये ही हाल है। झाग वाला पानी नलों से आता है। बदबू इतनी तेज आती है कि नल खोलना भी मुश्किल हो जाता है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अब वापस गंदा पानी आने लग गया।

**दो महीने से समस्या, लोग परेशान :** टिटोड़ा मोहल्ला निवासी महिला मुस्कान ने बताया कि दो महीने से गंदा पानी आता है। शिकायत के बाद जलदाय विभाग के अधिकारी आते हैं लेकिन देखकर वापस चले जाते हैं। बिल्कुल नाली का पानी है। बदबू भी बहुत आती है। तीन दिन में पानी आया, जिसे भी बदबू के कारण फेंकना पड़ गया। मजबूरी में दो महीने से टैंकर का पानी आता है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। अब देखते हैं कोई समाधान होता है या नहीं।

# बूंदी में फूटा सवर्णों का आक्रोश: यूजीसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरा जनसैलाब, हाथों में बेड़ियां बांध जताया विरोध





बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच) । यूजीसी के नए प्रावधानों और कानूनों के विरोध में आज बूंदी की सडक़ों पर सवर्ण समाज का भारी आक्रोश देखने को मिला।
'सर्व समाज' के बैनर तले हजारों की संख्या में जुटे पदाधिकारियों और युवाओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट पर जंगी प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन की सबसे खास और मार्मिक तस्वीर तब दिखी, जब सवर्ण समाज के प्रतिनिधि अपने हाथों में बेडियाँ बांधकर रैली में शामिल हुए, जो व्यवस्था के प्रति उनके गहरे असंतोष को दर्शा रहा था। आंदोलन की शुरुआत शहर के आजाद पार्क से हुई, जहाँ हजारों लोग एकत्रित हुए। हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने 'यूजीसी कानून रद्द करो', 'जातीय सौहार्द बिगाडऩा बंद करो' और 'छात्रों के साथ अन्याय बंद करो' जैसे गगनभेदी नारे लगाए। शंखनाद के साथ शुरू हुई यह रैली परशुराम सर्किल, कोटा रोड, इंद्रा मार्केट और अहिंसा सर्किल होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची।

### भविष्य की बेडिय़ाँ है यह कानून

रैली को संबोधित करते हुए मिथलेश दाधीच और विश्वनाथ माहेश्वरी ने कहा कि यह कानून देश के भविष्य यानी छात्रों के हाथों में बेडियाँ डालने जैसा है। यह समाज में जातीय वैमनस्यता फैलाएगा, जिसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। क्षत्रिय शिक्षा प्रचारणी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह और एडवोकेट संजय जैन ने तीखा प्रहार करते हुए कहा हाथों में इन बेडियों का अर्थ है कि वर्तमान व्यवस्था ने सामान्य वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को जंजीरों में जकड़ दिया है। अब न तो वे कॉलेज-यूनिवर्सिटी में शांति से पढ़ पाएंगे, न नौकरियों में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ ले पाएंगे।

### सामूहिक फांसी का फरमान जारी करने की मांग

प्रदर्शन के दौरान आक्रोश इतना चरम पर था कि युवाओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि यदि उन्हें उनके हक से वंचित रखना है, तो सवर्ण छात्रों के लिए सामूहिक फांसी का फरमान ही जारी कर दिया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है, लेकिन प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक यह 'काला कानून' पूरी तरह रद्द नहीं होता, आंदोलन थमेगा नहीं।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधि मंडल में विश्वनाथ माहेश्वरी, मिथलेश दाधीच, बुंदेल सिंह राठौर, महेश जिंदल, एडवोकेट संजय जैन, हर्षवर्धन भटनागर, मांगूमल टेकवानी, सुनील हाड़ौती, निरंजन जिंदल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे। इस विशाल रैली में समाज के हर वर्ग की भागीदारी रही। प्रमुख रूप से, बार एसोसिएशनः अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़, पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, घनश्याम दुबे, सचिव पंकज दाधीच। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशनः अध्यक्ष हरीश तिवारी, संतोष कटारा, सुबोध अग्रवाल। अमित गौतम, शिवा, राजकुमार दाधीच, आनंद राज सिंह, मुकेश माधवानी, हिम्म्त सिंह गौड़, मनीष गौतम, भगवान बिड़ला, विशाल क्रांतिकारी, पीयूष शर्मा, महिला अध्यक्ष इंदु गर्ग, किरण शर्मा, कीर्ति सुखवाल, कविता टेकवानी, सरोज अग्रवाल, गायत्री जिंदल। लोकेश शर्मा, राजकुमार श्रृंगी, मुकेश जोशी, अमित बहेती, प्रिंस शर्मा, सुधांशु श्रृंगी, अजय गोयल, संदीप श्रृंगी, महेंद्र सिंह घोवडा, और हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व बुजुर्ग।सवर्ण समाज ने एक स्वर में मांग की है कि आरक्षण का आधार 'जाति' के बजाय आर्थिक होना चाहिए ताकि समाज के हर गरीब और पात्र व्यक्ति को न्याय मिल सके।

## 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होगा कोटा महोत्सव
# मास्टर शेफ प्रतियोगिता एवं पेट-शो होंगे प्रमुख आकर्षण

बढ़ता राजस्थान




कोटा, (का.स.)। पंच गौरव को वृहद स्तर पर प्रचारित करने और जिले में पर्यटन के अनुकूल माहौल बनाने के उद्देश्य से 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होने वाले कोटा महोत्सव में मास्टर शेफ प्रतियोगिता, करियर फेयर, सामूहिक घूमर नृत्य, सेलिब्रिटी नाइट, हैरिटेज वॉक, कचौरी फेस्ट सहित विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कोटा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
महोत्सव की शुरुआत 21 फरवरी को गोदावरी धाम पर श्री गणेश वंदना से होगी। इसी दिन शौर्य घाट रिवर फ्रंट पर मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा फोटो प्रदर्शनी, दीदी रो हाट, करियर फेयर एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। शाम 4 से 5 बजे सामूहिक घूमर नृत्य, 5 से 7 बजे तक चम्बल महाआरती तथा 7 बजे बाद सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन होगा। इसी दिन किशोर सागर तालाब पर प्रातः फ्लावर-शो का आयोजन किया जाएगा।
22 फरवरी को प्रातः 7 बजे हैरिटेज वॉक का आयोजन होगा जो मथुराधीश मंदिर से प्रारम्भ होकर गढ़ पैलेस, पद्मनाभ मंदिर, किशोरपुरा गेट, कोटड़ा हाउस, कैथूनीपोल होते हुए सुभाष चौक, टठेरा गली होकर रामपुरा कोतवाली तक हैरिटेज वॉक निकलेगी। इस दौरान जगह-जगह कचौरी फेस्ट के तहत कचौरियां खिलाई जाएगी। प्रातः 11 बजे शौर्य घाट चम्बल रिवर फ्रंट पर पेट-शो का आयोजन होगा। इसके अलावा कोटा डोरिया फैशन-शो, टॉक सेशन एवं फिल्म फेस्टिवल आयोजित होंगे। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई एवं संपर्क पोर्टल से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पंच-गौरव सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
श्री समारिया ने कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की वास्तविक प्रगति पोर्टल पर समय पर अपडेट करें। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर 30 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान कर इसकी जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम उत्थान शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारियों की भागीदारी एवं किसानों को विभागीय योजनाओं की समस्त जानकारी उपलब्ध कराने, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, सीईओ जिला परिषद कमल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी,उपायुक्त नगर निगम जवाहर जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उप कारागृह भवानीमंडी का निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

भवानीमंड़ी (अब्दुल सलीम मंसूरी)। माननीय उच्च न्यायालय पीठ परिसर जयपुर द्वारा पीपुल्स वॉच राजस्थान बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान एंड अन्य में पारित निर्देशो एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार शशि गजराना अति. जिला एवं सेषन न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ द्वारा आज दिनांक 03.02.2026 को उप कारागृह भवानीमंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का उद्देष्य कारागृह मे विचाराधीन बन्दियों को मुहैया की जाने वाली सुविधाओं की निगरानी रखना हैं। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कारागृह के सभी वार्डो में बन्दीयों को 24 घंटे पानी की उपलब्धता, पीने योग्य फील्टर पानी का उपलब्धता, पानी के स्त्रोत, आपातकालीन उद्वेष्यो हेतु जलाशय, बन्दीयों की संख्या के अनुपात मे शोचालयों की उपलब्धता, नियमित साफ सफाई, सर्फ, साबुन की उपलब्धता, महिला बन्दीयों को सेनेटरी सामग्री की पर्याप्त उलब्धता, गर्भवती एवं स्तनपान करवाने वाली महिलाओं हेतु उपलब्ध सुविधाऐं, वर्षा के जल का संचयन, पुनर्चक्रण, रसोई घर मे पर्याप्त रोशनी , एक्जोट फेन, आग लगने के खतरे से निपटने के लिए स्मोक डिटेक्टर की उलब्धता,गैस की उपलब्धता, आटा गुथने, चपती बनाने की मशीने, मिक्सर और ग्राइन्डर की उपलब्ध्ता, रसोई मे स्टेनलेस स्टील के बर्तनो की उपलब्धता, पुरूष व महिला बन्दीयों के लिए अलग अलग ईलाज की व्यवस्था, कारागृह परिसर में पर्याप्त रोषनी एवं ताजी हवा की उपलब्धता, जैल अस्पताल हेतु वार्ड, भंडार कक्ष, इंजेक्षन रूम, चिकित्सक के लिए कक्ष, सक्रमित मरीजो को रखने हेतु अलग कक्ष, बन्दीयों को दिये जाने वाले कपडे, कम्बल को धोने हेतु उचित व्यवस्था, जल पात्र, पानी के टंकी की नियमित सफाई, जल संग्रहण पात्र को ढंक कर रखा जाना, पीने योग्य पानी की गुणवत्ता की जांच करवाई जाना, आदि के बारे मे जानकारी ली एवं सम्बन्धित को उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।
निरीक्षण के दौरान कारागृह में क्षमता से अधिक बंदी होने पर उन्हें जिला कारागृह पर स्थानांतरण करने बाबत उचित कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान गजराना ने कारागृह प्रशासन को निर्देंशित किया कि कारागृह परिसर में किसी भी प्रकार का जाति व धर्म आधारित भेदभाव नहीं हो। गजराना ने बंदियों से उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली।

## एक दिवसीय जेम पोर्टल जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। कार्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन कोटा तथा वित्तीय सलाहकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में कोटा संभाग स्तर पर एक दिवसीय जेम पोर्टल जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को जैन रेस्टोरेंट एवं भोजनालय, नयापुरा में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी क्रय को अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्थी, कुशल एवं पूर्णतः डिजिटल बनाना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें जोन कोटा डॉ. जगदीश कुमार सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में जेम के माध्यम से क्रय को बढ़ावा देने, वित्त विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा सरकारी क्रय को पारदर्शी, प्रतिस्पर्थी एवं डिजिटल बनाने की जानकारी दी। इसके बाद जेम राज. के क्षेत्रीय कोर्डिनेटर विक्रांत त्रिपाठी द्वारा जेम पोर्टल पर विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सुधीर कुमार जैन, सुनीता, सुनिता यादव, दिपिका वित्तीय सलाहकार प्रकोष्ठ डीएमएचएस जयपुर एवं कोटा संभाग से जुडे लेखा एवं भण्डारपाल के प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

**12 फरवरी तक मुआवजा नहीं मिला तो 13 से मंडी बंद की चेतावनी**

# रामगंजमंडी में किसान गर्जना रैली, 100 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान





रामगंजमंडी (नि.स.)। भारतीय किसान संघ, चित्तौड़ प्रांत (चेचट-रामगंजमंडी) के आह्वान पर मंगलवार को मां बीजासन माता मंदिर, गोवर्धनपुरा से किसानों ने विशाल किसान गर्जना रैली निकाली। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से किसान ट्रैक्टर, बाइक और पैदल मार्च करते हुए शामिल हुए। सौ से अधिक ट्रैक्टरों के साथ निकली इस रैली ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों की जोरदार अभिव्यक्ति की। उपखंड कार्यालय पहुंचकर किसानों ने तहसीलदार नेहा वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान गूंजे नारों ने माहौल को किसान एकजुटता से भर दिया-
'देश का भंडार भरेंगे, हक का पूरा दाम लेकर रहेंगे' 'हर खेत को पानी, हर हाथ को काम-कृषि उपज के पूरे दाम' भारतीय किसान संघ अध्यक्ष विजेंद्र सिंह (लाला बना) और जिला विपणन प्रमुख प्रहलाद धाकड़ ने कहा कि सोयाबीन खरीफ फसल खराब होने के बावजूद किसानों को अब तक न तो मुआवजा मिला है और न ही फसल बीमा का लाभ। उन्होंने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, जिसके कारण किसानों को अपनी जायज मांगों के लिए स्वयं सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। ज्ञापन में सोयाबीन फसल खराबी का मुआवजा तुरंत खातों में जमा करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की खामियां दूर करने, हर खेत तक पानी और रास्ता उपलब्ध कराने, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे व रेलवे लाइन के दोनों ओर किसानों के लिए रास्ते बनाने, दिन में 10 घंटे निर्बाध कृषि बिजली, 50 हजार नए कृषि कनेक्शन, समर्थन मूल्य पर सरसों, गेहूं व चना की शत-प्रतिशत समय पर खरीद, धानमंडी में अवैध तोल कांटे व चोरी पर रोक, ताकली बांध का पानी सिंचाई हेतु उपलब्ध कराने, नहर सिंचाई योजना से वंचित गांवों को जोडऩे तथा 0.22 हेक्टेयर से कम भूमि पर ष्ठरुष्ट दर से राजस्व वसूली समाप्त करने की मांग शामिल रही। इसके अलावा जलभराव से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, बंद पड़ी खदानों का पानी सिंचाई में उपयोग करने और कृषि कार्यालय को 12 फरवरी से पहले स्थायी करने की मांग भी रखी गई। किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि 12 फरवरी तक मुआवजा और फसल बीमा राशि किसानों के खातों में नहीं पहुंचती है, तो 13 फरवरी से किसान कृषि उपज मंडी को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर वहीं धरना देंगे।

## तकली पुनर्वास कॉलोनियों में पेयजल संकट, टैंकर बंद होने पर 24 घंटे का अल्टीमेटम



बढ़ता राजस्थान

रामगंजमंडी (नि.स.)। तकली मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत विस्थापित पुनर्वास कॉलोनियों में पानी के टैंकर बंद होने से पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने पीएचडी अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर मांग की है कि जब तक हर घर नल से नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं होती, तब तक टैंकरों से निर्बाध पानी उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि जलापूर्ति बहाल नहीं होने पर वे सडक़ जाम और विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## जिस घर में बेटी होती है वह पिता सौभाग्यशाली होता है पंडित दुबे



बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। कुंडल क्षेत्र के गांव लाडपुरा में चल रहे रुद्र महाभिषेक एवं पंचकुंडीय महायज्ञ में चल रही संगीत मय राम कथा में परम पूज्य गुरुदेव श्री बालकृष्ण जी दुबे सुनील वालों ने कथा में बताया कि जिस घर में बेटी का जन्म होता है उसे घर के भाग्य खुल जाते हैं एवं वह पिता बड़ा सौभाग्यशाली होता है जिस घर में बेटी की आवाज एवं उसके पायल की झंकार गूंजती है वहां स्वयं परमात्मा निवास करते हैं आज कथा में परम पूज्य गुरुदेव मां गंगा किस प्रकार से पृथ्वी पर आई और सीता माता के स्वयंवर का वृतांत सुनाया सीता माता का स्वयंवर एवं उनका विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया अयोध्या से राम बारात पूरे नगर में होती हुई कथा स्थल पर पहुंची जहां सभी श्रद्धालुओं ने भगवान राम का भव्य स्वागत किया एवं माता बहने गीत और हल्दी की रस्म करती नजर आई इस पावन दृश्य को देखकर सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं बाहर से पधारे सभी श्रद्धालुओं का समस्त लाडपुरा ग्राम वासियों ने हार्दिक आभार जताया है।

## आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई के लिए जिला कलक्टर का नवाचार

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। शहरी क्षेत्र में जनभावनाओं के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया के नवाचार के तहत दूसरा शहरी जनसम्पर्क कार्यक्रम 5 फरवरी, गुरुवार को सायं 6 बजे स्वामी दयानन्द सरस्वती सामुदायिक भवन जवाहर नगर रोड तलवंडी में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 4 फरवरी, बुधवार को स्वामी दयानन्द सरस्वती सामुदायिक भवन जवाहर नगर रोड तलवंडी में ही प्री-कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्री-कैम्प में उन परिवादों को दर्ज किया जाएगा जिनकी सुनवाई जिला कलक्टर गुरुवार शाम 6 बजे शहरी जनसम्पर्क कार्यक्रम करेंगे। जिला प्रशासन ने शहरी क्षेत्र के निवासियों से अपील की कि वे प्री-कैम्प में आकर अपनी समस्याओं को दर्ज करवाएं ताकि उनके परिवादों के निस्तारण में आसानी हो सके। गुरुवार को सायं 6 बजे आयोजित होने वाले शहरी जनसम्पर्क कार्यक्रम में जिला कलक्टर द्वारा विभिन्न वार्डों, कॉलोनियां की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निवारण किया जाएगा।

## कोटा स्टोन उद्योग को बड़ी राहत, ऑरेंज से ग्रीन कैटेगरी में शामिल
### लघु उद्योग भारती के प्रयासों से पर्यावरण नियमों में ऐतिहासिक सरलीकरण

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। लघु उद्योग भारती के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप केंद्र एवं राज्य सरकार के पर्यावरण विभाग ने कोटा स्टोन उद्योग को ऑरेंज कैटेगरी से हटाकर ग्रीन कैटेगरी में शामिल कर लिया है। यह निर्णय कोटा स्टोन उद्योग से जुड़े हजारों लघु व्यापारियों और उद्यमियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने बताया कि ग्रीन कैटेगरी में शामिल होने के बाद अब कोटा स्टोन व्यापारियों को केवल एक बार पर्यावरण स्वीकृति प्रमाण-पत्र लेना होगा, जो आजीवन वैध रहेगा। इसके साथ ही इस प्रमाण-पत्र की शुल्क राशि भी अत्यंत न्यूनतम रखी गई है। यह व्यवस्था पांच करोड़ रुपये से कम लागत वाले उद्योगों पर लागू होगी।

सचिव संदीप जांगिड ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब व्यापारियों को चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाण-पत्र बनवाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा, पर्यावरण स्वीकृति के लिए प्रार्थना-पत्र (एप्लीकेशन) लगाने की प्रक्रिया को भी पूरी तरह सरल कर दिया गया है, जिसके लिए अब किसी मध्यस्थ या अतिरिक्त माध्यम की आवश्यकता नहीं होगी।

यह नया नियम 1 फरवरी 2026 से प्रभावी हो चुका है, जिससे कोटा स्टोन उद्योग को प्रशासनिक जटिलताओं, समय और खर्च—तीनों से राहत मिलेगी।

कोटा ईकाइ के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने इस उप?लब्धि का श्रेय श्रेय लघु उद्योग भारती के शीर्ष नेतृत्व को देते हुए उनके प्रयासों को बधाई और साधुवाद ज्ञापित किया है।

# धौलपुर में कांग्रेस का मनरेगा श्रमिकों के साथ धरना

## भाजपा सरकार पर योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय धौलपुर में कांग्रेस ने विशाल धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान मनरेगा श्रमिकों के साथ मिलकर केंद्र सरकार पर योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया गया।

यह धरना-प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी और जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सूरजमुखी पैलेस में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के अध्यक्ष एवं विधायक संजय कुमार ने की। धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, जिला एससी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, जिला कांग्रेस सचिन रोशनी शिवहरे, शबनम खान ,पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रशांत परमार बाडी , आर्यन सहित बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के अधिकार और सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने उद्योगपतियों के दबाव में इस योजना को कमजोर किया है, जो गरीब और मजदूर वर्ग पर सीधा हमला है। कुमार ने आगे कहा कि भाजपा सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलने के बहाने उन्हें खत्म करने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। उन्होंने दोहराया कि मनरेगा श्रमिकों के हितों की रक्षा और प्रत्येक परिवार को सम्मानजनक रोजगार दिलाना कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांग्रेस पार्टी गांव, गरीब और मजदूर के हक के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी।

धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार-धंधे बंद हैं और आमजन की सुनवाई नहीं हो रही। कुशवाहा ने मनरेगा के मूल अधिकार आधारित स्वरूप को बहाल करने की मांग की और बताया कि यह योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित थी, जिसने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली और विकास को गति दी।

अन्य वक्ताओं ने भी केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ को गरीबों के साथ अन्याय बताया। उन्होंने घोषणा की कि कांग्रेस कार्यकर्ता इसके खिलाफ बूथ स्तर तक जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में 26वां विज्ञान मेला

## भूकंप अलर्ट से ड्रिप सिंचाई तक, नन्हे वैज्ञानिकों के 50 से अधिक मॉडल बने आकर्षण



बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** शहर के ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में आयोजित 26वें विज्ञान मेले में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता देखने लायक रही। मेले में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए 50 से अधिक विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों और आगंतुकों को खासा प्रभावित किया। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों के माध्यम से विज्ञान को केवल किताबों तक सीमित न रखते हुए उसे दैनिक जीवन से जोड़कर प्रस्तुत किया। विज्ञान मेले में भूकंप से पहले चेतावनी देने वाला अलर्ट सिस्टम, ड्रिप सिंचाई आधारित आधुनिक खेती, इसरो से प्रेरित अंतरिक्ष मॉडल, वर्षा जल संग्रहण प्रणाली, ज्वालामुखी विस्फोट की प्रक्रिया, ब्लड प्रेशर नियंत्रण की कार्यशील मशीन, पवन चक्की और ऊर्जा संरक्षण से जुड़े कई उपयोगी व रोचक मॉडल शामिल रहे। हर मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज सारस्वत ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के विज्ञान मेले बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूनम शर्मा रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मेले के आयोजन में ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज सारस्वत, महावीर सिंह, शोभा शर्मा, राकेश, वंदना शर्मा, सोनिया, योगेश सारस्वत, नेहा शर्मा, प्रियांशु, जवाहर और भावना शर्मा सहित अन्य शिक्षकों व सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। मेले के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली समझाई और आगंतुकों के सवालों के जवाब देकर अपनी वैज्ञानिक समझ का परिचय दिया।

# समधारा गांव में आवासीय लाइब्रेरी का शुभारंभ

## लाइब्रेरी के लिए जनसहयोग से जुटाई गई राशि

### शिक्षा समग्र विकास की आधारशिला - सीताराम गुप्ता



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** डीग जिले जुरहरा तहसील क्षेत्र का समधारा गाँव में खुली हुसैना आवासीय लाइब्रेरी का उद्घाटन समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने किया। यह लाइब्रेरी अपने प्रकार की मेवात क्षेत्र की पहली ऐसी आवासीय अध्ययनशाला है, जहां छात्र पूरी रात ठहरकर शांत एवं सुरक्षित वातावरण में अध्ययन कर सकेंगे। सुबह छात्र अपने घर जाकर दैनिक कार्यों के बाद पुन: स्कूल के लिए निकल जाते हैं। छात्रों को निरंतर और केंद्रित अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल ग्रामीण स्तर पर अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवक आज गैर-सामाजिक गतिविधियों से दूर होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण निरंतर बेहतर हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मॉड्यूलर इंस्टिट्यूट, अलवर के संस्थापक सदस्य सौरभ खान ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हुसैना आवासीय लाइब्रेरी निश्चित ही क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संसाधन बनेगी, जिससे पढ़ाई का सकारात्मक माहौल निर्मित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रज मेवात जन जागृति अभियान के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता एम. जुबेर खान ने कहा कि अभियान के सतत प्रयासों से मेवात क्षेत्र में जागरूकता बढ़ी है तथा अपराधों में कमी देखी जा रही है। युवाओं में शिक्षा के प्रति रुझान लगातार बढ़ रहा है, जो समाज के भविष्य के लिए शुभ संकेत है। समारोह के दौरान महमूद खान, अख्तर हुसैन, मा. इकबाल खान, साजिद खान एडवोकेट, डॉ. आरिफ, अताउल्ला खान, अयूब खान, मा. मम्मनद्दीन, सोनू चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और ऐसे सामाजिक प्रयासों की सराहना की।

# धरसोनी में तीन दिवसीय जिकड़ी दंगल का हुआ समापन

## जिकड़ी: भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर - सीताराम गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्री सत्यले ग्राम विकास समिति और गांव के नागरिकों की संयुक्त मेजबानी में ग्राम धरसोनी में आयोजित तीन दिवसीय भजन-जिकड़ी दंगल का रविवार को गरिमामयी समापन हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मोहन् सिंह ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वर सिंह, जगत सिंह, हरप्रसाद सिंह 'बबलू' और साहब सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सीताराम गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि भजन-जिकड़ी भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर है। इसकी परंपरा के माध्यम से सनातन धर्म, महापुरुषों के जीवन प्रसंग, स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों और योद्धाओं की गाथाएं पीढ़ी-दर-पीढ़ी संप्रेषित होती रहती हैं।



उन्होंने कहा कि जिकड़ी के गीतों और कथाओं के माध्यम से युवाओं और बच्चों को भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं लोकपरंपराओं का ज्ञान सहज रूप में प्राप्त होता है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार सृजन, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, प्राकृतिक खेती और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सामूहिक रूप से कार्य करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में जिकड़ी दंगल के गायक-गायिकाओं ने हास्य, वीर, ओज, करूणा और लोक रस से भरपूर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामायण, महाभारत तथा विभिन्न लोककथाओं के प्रसंगों पर आधारित गीतों के साथ-साथ पारंपरिक लोकगीत, चुटकुले और हास्य गीतों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

समिति के प्रवक्ता साहब सिंह तथा कोषाध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि समिति और गांववासियों के सामूहिक प्रयास से यह जिकड़ी दंगल 1 से 3 फरवरी तक सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। तीन दिनों तक गांव का वातावरण भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर बना रहा। जिकड़ी दंगल में नीलम अभोर्रा, पूजा डागुर, छवि देशवाल, सावित्री जटमासी, दीपक जगनेर, जलसिंह भटावली, तेज सिंह ईशरौली, भूपेंद्र सिंह सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। समिति के सदस्यों रमन सिंह, लखन सिंह, दलेल सिंह, भाजपा के जिला प्रवक्ता शेर सिंह, समिति अध्यक्ष मोहन सिंह, साहब सिंह, जगराम सिंह, ईश्वर सिंह, हरप्रसाद सिंह 'धरसोनी' आदि ने मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं सभी गायक-गायिकाओं का शॉल, फूलमाला एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया।

# राजवैद्य स्वर्गीय निशान पचौरी स्मृति छात्रवृत्ति का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कस्बा के प्रतिष्ठित राजवैद्य पचौरी परिवार के प्रमुख स्वर्गीय निशा नाथ पचौरी एवं स्वर्गीय प्रेमलता स्मृति में छात्रवृत्ति- 2026 का आज शुभारंभ किया गया। जिसके तहत पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए तीन शीर्ष विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। पत्रकार सेवा संस्थान के प्रदेश महासचिव एवं भव्य वसुंधरा न्यूज़ के प्रधान संपादक गोपेश पचौरी द्वारा इस छात्रवृत्ति का शुभारंभ किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार गोपेश पचौरी ने बताया कि पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ ही नगर के एकमात्र सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अनेक बालिकाओं पर मोज़े नहीं होने पर 105 मोज़े विद्यालय को बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति समिति द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य हरिओम सिकरवार सहित संपूर्ण विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार की तरफ से आयोजित वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा एवं पूर्व विधायक सुखराम कोली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने की। इस दौरान मंच पर आरएसएस के जिला प्रचारक रौनक, समाजसेवी डॉक्टर शिवदयाल मंगल, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पवन चंसौरीया सहित अनेक समाज सेवी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा प्रारंभ में सरस्वती वंदना के उपरांत मंचासीन अतिथियों को दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक शिव शंकर ने किया।

# सेढ़ पाड़ा मोहल्ले से घर के दिन-दहाड़े बाइक चुरा ले गया चोर

## घटना सीसीटीवी फुटेज में हुई कैद,पीड़ित व्याख्याता ने पुलिस को दी रिपोर्ट,जाँच जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के सेढ़ पाड़ा मोहल्ले में दिन-दहाड़े स्कूल लेक्चरर के घर के बाहर रखी बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर मात्र 10 सेकंड में वारदात को अंजाम दे पैशन प्रो बाइक को चुरा ले गया है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें चोरी गली में से बाइक को लेकर जाते हुए देखा गया है। वही चोर द्वारा शहर के महाराज बाग चौराहे पर पुलिस की गाड़ी को देख बाइक को वापस मोड़ते हुए भी देखा गया है। घटना को लेकर पीड़ित लेक्चरर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बायलॉजी के व्याख्याता और सेढ़ पाड़ा मोहल्ला निवासी 42 वर्षीय मनीष पचौरी पुत्र दामोदर दयाल शर्मा ने बताया क्यों उनकी बाइक पैशन प्रो ब्लैक कलर जिसका नंबर आरजे 11 एसई 4370 है। घर के बाहर रखी हुई थी। जिसको अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। जब उन्होंने एक घंटे बाद बाहर जाकर देखा तो बाइक नहीं मिली। इसके बाद अपने परिवरीजनों और अन्य लोगों के सहयोग से शहर में अलग-अलग स्थान पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले,जिनमे मुंह पर डाटा लगाए अज्ञात चोर बाइक को लेकर जाते दिखा है। चोर महाराज बाग चौराहे पर पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोड़ते हुए भी देखा है। टाउन चौकी प्रभारी एएसआई श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश जारी है।



### तस्करों तक गांजा पहुंचाने वाला सप्लायर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रोहिड़ा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी मामले में सप्लायर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो दिन पहले ही गांजा तस्कर पुलिस हत्थे चढ़े थे। इनके पास से पिस्टल व लग्जरी वाहन जब्त किया गया था। मामले की जांच कर रहे सरूपगंज थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि काला महादेव खेड़ा (भूला-रोहिड़ा) निवासी सोवाराम उर्फ शिवम पुत्र वीराराम गमेती को गांजा सप्लायर के आरोप में गिरफ्तार किया है। ज्ञातव्य है कि गत 31 जनवरी को रोहिड़ा थाना क्षेत्र में वाटेरी माता रोड पर पुलिस निरीक्षक अमराराम खोखर ने कार्रवइ करते हुए एक लग्जरी वाहन में भरा गांजा बरामद किया था। वाहन में सवार चार जनों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वाहन चालक के पास से एक पिस्टल, जिंदा राउंड व मनोरंजन बैंक से जारी नोटों की गड्डी जब्त की गई थी।

# खाद्य मंत्री बोले- तौल में गड़बड़ी या कटौती बर्दाश्त नहीं

## राशन दुकानों पर पोस मशीनों की चेकिंग में मिली अनियमितता तो होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर.** राशन वितरण में किसी भी तरह की गड़बड़ी पर सरकार अब सख्त नजर रखेगी। खाद्य मंत्री ने साफ कहा कि तौल में कटौती या हेरफेर बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राशन दुकानों पर पोस मशीनों और उनसे जुड़े तौलन यंत्रों की जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम(ह्स्न्र्फ्र) के तहत लाभार्थियों को पूरा और सही तौल का राशन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश की सभी उचित मूल्य दुकानों पर पोस मशीन से लिंक तौलन यंत्रों का विशेष अभियान चलाकर सत्यापन किया जाएगा। इस अभियान के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी और कम तौल की शिकायतों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

### लाभार्थियों को मिलेगा पूरे हक का गेहूं

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, कि करीब 4.40 करोड़ खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को उनका पूरा हक मिलना विभाग की जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर तौल में गड़बड़ी या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी लाभार्थी के अधिकारों में सेंधमारी न हो।

# कमर से पैर तक दर्द हो सकता है सायटिका - डॉ. गौरव सिंह सिनसिनवार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** सायटिका कमर दर्द से जुड़ी एक कॉमन समस्या है। इसमें शरीर की सबसे लंबी और मोटी नर्व सायटिक नर्व पर दबाव पड़ने के कारण कमर से पैर तक दर्द होता है। विश्व में 13-40 प्रतिशत लोगों को पूरी जिंदगी में कभी-न-कभी सायटिका की समस्या होती है। जबकि हर साल दुनिया के 1-5 प्रतिशत लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। पूरी दुनिया में यह लोअर बैक पेन का बड़ा कारण है। सिडेंटरी लाइफस्टाइल, लंबे समय तक बैठकर काम करने की मजबूरी और गलत पोश्चर के कारण आने वाले समय में इसके मामले और बढ़ सकते हैं। उक्त जानकारी पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहकम सिंह के सुपुत्र वरिष्ठ हडडी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह सिनसिनवार ने इस पत्रकार को मुखर्जी नगर स्थित डॉ. मोहकम सिंह हॉस्पीटल पर दी।

**सवाल**- सायटिका क्या होता है? यह कॉमन कमर दर्द से अलग कैसे है?

**जवाब**- डॉ. गौरव सिंह सिनसिनवार ने बताया कि हमारे शरीर में अरबों नर्व्स होती हैं। ये शरीर की कम्युनिकेशन लाइन हैं। ये दिमाग और शरीर के अलग-अलग हिस्सों के बीच संदेश पहुंचाने का काम करती हैं। शरीर की सबसे लंबी और मोटी नर्व सायटिक है। यह कमर से शुरू होकर कूल्हे, जांघ, घुटने और पिंडली से होते हुए पैर के तलवे तक जाती है।



जब इसमें किसी कारण से अतिरिक्त दबाव पड़ता है तो दर्द होता है। इसे सायटिकी कहते हैं। यह कोई बीमारी नहीं है। यह नर्व पर दबाव पड़ने से उभरा एक लक्षण है। कॉमन कमर दर्द और इसमें ये फर्क है कि कमर दर्द सिर्फ कमर तक सीमित रहता है, जबकि इसका दर्द कमर से शुरू होकर पैर के तलवे तक फैलता है।

**सवाल**- किस उम्र में और किन लोगों को सायटिका का खतरा ज्यादा होता है?

**जवाब**- सायटिका किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यह ज्यादातर 30 से 50 साल की उम्र में होता है। इस उम्र तक आतेदृआते पूरे शरीर के साथदृसाथ रीढ़ का भी क्षरण शुरू होता है। डिस्क धीरेदृधीरे कमजोर पड़ रही होती है। ऐसे में अगर हमारी आदतें, लाइफस्टाइल खराब है तो रिस्क बढ़ जाता है।

**सायटिका का खतरा उन लोगों को ज्यादा होता है, जो-**

लंबे समय तक डेस्क जॉब करते हैं।
जो लोग बहुत लंबी ड्राइविंग करते हैं।
जिन्हें मोटापा है या वेट बढ़ गया है।
जो लोग भारी सामान उठाते हैं।
जो स्मोकिंग करते हैं।
जो डायबिटिक हैं।
जिनकी कोर स्ट्रेंथ कमजोर है।

**सवाल**- क्या सायटिका अपने आप ठीक हो सकता है या इलाज जरूरी होता है?

**जवाब**- ज्यादातर मामलों में सायटिका 4-6 हफ्ते में अपने आप ठीक हो जाता है। 80-90: लोग बिना किसी सर्जरी के ठीक हो जाते हैं। घर पर आइस-हीट थेरेपी, हल्की स्ट्रेचिंग और दर्द की दवा से काफी राहत मिलती है। आइस-हीट थेरेपी एक आसान घरेलू इलाज है। इसमें बारी-बारी से आइस बैग और हीट बैग से सिंकाई की जाती है।

अगर दर्द 6 हफ्ते से ज्यादा समय तक बना रहे तो इलाज जरूरी है। फिजियोथेरेपी और दवाई से जल्दी रिकवरी होती है।

**सवाल**- सायटिका होने पर क्या सावधानियां बरतना जरूरी है?

**जवाब**- सायटिका होने पर भारी वजन उठाने से बचें और लंबे समय तक एक ही जगह पर न बैठे रहें। बॉडी पोश्चर सही रखें। इस बात का ख्याल रखें कि जिस गद्दे पर लेटते हैं, वह बहुत सख्त या बहुत मुलायम न हो। डॉक्टर की सलाह से फिजियोथेरेपी और हल्की एक्सरसाइज करें। दर्द बढ़े तो तुरंत जांच कराएं।

# बरौली चौथ स्कूल के 5 विद्यार्थी और एक शिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, बेगलुरू में मिला अर्थियन पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन (सीईई) के विप्रो अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम के तहत राजस्थान के डीग जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौली चौथ के 5 विद्यार्थियों और एक शिक्षक को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। विप्रो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी सुधा, शालू, कृष्णा, संध्या, देवेश और शिक्षक साहब सिंह को बेंगलुरू में आयोजित समारोह में अर्थियन पुरस्कार प्रदान किया गया। सीईई द्वारा वर्ष 2013 से देशभर के विद्यालयों में गतिविधि आधारित सस्टेनेबिलिटी शिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें जल, जैव विविधता और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार किए जाते हैं। इसी क्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सुधा, शालू, कृष्णा, संध्या और देवेश ने मार्गदर्शक शिक्षक साहब सिंह की देखरेख में जल एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सीईई जयपुर के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर भेजी। करीब दो हजार प्रोजेक्ट्स में से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौली चौथ का चयन हुआ। 28 से 31 जनवरी 2026 के बीच अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरू में आयोजित सम्मान समारोह में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर और विप्रो के सस्टेनेबिलिटी व ईएसजी ग्लोबल हेड पी.एस. नारायण की मौजूदगी में पांचों विद्यार्थियों और शिक्षक को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और पर्यावरण संरक्षण किट देकर सम्मानित किया गया। विप्रो फाउंडेशन ने बेंगलुरू आने-जाने की निःशुल्क हवाई यात्रा, विद्यालय को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा बच्चों के लिए स्टोरी टेलिंग और पपेट मेकिंग जैसी कार्यशालाओं का अवसर भी प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणधीर सिंह के विशेष मार्गदर्शन की सराहना करते हुए शिक्षक साहब सिंह ने बताया कि बच्चों का पहली बार हवाई जहाज में बैठना उनके लिए सपने जैसा अनुभव रहा, जो पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।



# बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि,तेज हवाओं से किसान परेशान, फसलों को भारी नुकसान की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र में जोरदार बारिश बिजलियों की गडग़ड़ाहट के साथ मूसलाधार बारिश के साथ ओला वृष्टि भी हुई ।जिससे किसान चिंतित हो रहे है। फसले लगभग पक कर तैयार हो रही है एसे मै यदि बारिश, ओलावृष्टि नही रुकी तो किसानों को भारी नुकसान का समाना करना पडेगा। क्षेत्र में पिछले 3-4 दिनों से मौसम खराब बना हुआ है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश के बाद फरवरी की शुरुआत में एक बार फिर बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय अधिकांश फसलें पकने की अवस्था में हैं, ऐसे में मौसम की मार से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है ।किसानों के अनुसार, वर्तमान में सरसों की फसल में फूल आ रहे हैं, गेहूं में बालियां निकल रही हैं, जबकि



अफीम की फसल में फूल आने के साथ डोडे बनने शुरू हो गए हैं। तेज हवा और बारिश के कारण इन फसलों को अधिक नुकसान हो रहा है, जिससे उनकी गुणवत्ता और उत्पादन दोनों प्रभावित हो सकते हैं ।लगातार खराब मौसम से फसलों की बढ़वार, उत्पादन और गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पडने की संभावना है, जिसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ेगा। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर रही है ।गौरतलब है कि पिछले सीजन में भी मक्का और सोयाबीन की फसलों को मौसम के कारण नुकसान झेलना पड़ा था। ऐसे में इस सीजन की फसल को लेकर भी किसानों में अनिश्चितता और चिंता का माहौल बना हुआ है।

### इनका कहना

गंगधार क्षेत्र में तेज बारिश व ओलावृष्टि के कारण सारी फसल नष्ट हो चुकी है क्षेत्र का किसान धोहरी मार से जूझ रहा है पहले भी पिलिया मोजक रोग के कारण सोयाबीन की फसल खराब हो चुकी है जिसका मुआवजा अभी भी 50त्न लोगों को खाते में नहीं आया है संबंधित अधिकारियों से निवेदन है कि वह तुरंत इस और ध्यान दें व किसानों को राहत प्रदान करें

**ईश्वर सेन**
**अध्यक्ष भारतीय किसान संघ गंगधार**

बिना मौसम के बारिश और ओले गिरने से किसानों की खड़ी फसल गेहूं,सरसों,चना में अत्यधिक नुकसान हुआ है जिससे किसान अत्यंत चिंता में डूबा हुआ है।

**अंशुल पटेल**
**जिला अध्यक्ष**
**भारतीय किसान यूनियन**

'व्हाट्स एप ग्रुपों के माध्यम से बीती रात्रि में ज्यादा बरसात /ओला वृष्टि की सूचना मिलने से फसलों पर बरसात/ओला वृष्टि का प्रभाव जानने के लिए पटवारियान के मार्फत फसलों का निरीक्षण करवाया जा रहा है और सर्वे करवाया जा रहा है। वर्तमान में पटवारियों द्वारा खेत दर खेत की गिरदावरी भी की जा रही है।

**गणेश खंगार**
**गंगधार तहसीलदार**

---

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के समर्थन में बाल विवाह मुक्ति रथ से जागरूकता गतिविधि आयोजित होगी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के अनुसार भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस के सहयोगी नवाचार संस्थान द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता गतिविधि के तहत भीलवाड़ा जिले में बाल विवाह अधिनियम की जानकारी के प्रचार प्रसार के लिए बाल विवाह मुक्ति रथ का शुभारंभ किया गया, यह रथ भीलवाड़ा जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता के लिए गांव गांव में जाकर प्रचार प्रसार करेगा, उक्त गतिविधि के दौरान बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार, गौरव सारस्वत, अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह, चंद्रकला ओझा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विनोद राव, सदस्य, बाल कल्याण समिति, अनुराधा तोलंबिया, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई एवं अरुण कुमावत, सचिव नवाचार संस्थान, जितेंद्र सिंह तोमर, जिला परियोजना समन्वयक, नवाचार संस्थान, भागवत सिंह चारण, रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर, हेमंत सिंह सिसोदिया, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, निर्मला पुरोहित, काउंसलर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर 5 फरवरी को करेंगे कंथारिया में रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** जनसुनवाई एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला कलक्टर की अध्यक्षता में भदेसर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंथारिया में 5 फरवरी (गुरुवार) को रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक ने बताया कि इस रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीण जन अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सीधे जिला कलक्टर के समक्ष रख सकेंगे।

# समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन खरीद की तुलाई अवधि 10 फरवरी तक बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** प्रधान कार्यालय राजफेड जयपुर द्वारा समर्थन मूल्य खरीद वर्ष 2025-26 के अंतर्गत दलहन-तिलहन (मूंगफली, सोयाबीन एवं उड़द) की खरीद के लिए जिन किसानों को 20 दिसंबर 2025 के बाद कृषि जिंस तुलाई हेतु तिथि आवंटित की गई थी, लेकिन वे निर्धारित 10 दिवस की अवधि में तुलाई नहीं करवा सके थे, उनकी तुलाई की अवधि पहले 25 जनवरी 2026 तक बढ़ाई गई थी। इसके पश्चात भी जिन किसानों की जिंस तुलाई नहीं हो सकी थी, उनके लिए अब यह अवधि पुन: बढ़ाकर 10 फरवरी 2026 तक कर दी गई है। प्रशासन द्वारा सभी वंचित किसानों से अपील की गई है कि वे 10 फरवरी, 2026 तक अपने संबंधित क्रय केन्द्रों पर उपस्थित होकर अपनी कृषि जिंस की अनिवार्य रूप से तुलाई करवाएं, ताकि वे समर्थन मूल्य योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें।

# धोखाधड़ी करने के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/टोंक।** उपखंड कार्यालय में शिव विहार कॉलोनी ढाणी जुगलपुरा के निवासियों ने धोखाधड़ी करने के आरोपियों पर



कार्रवाई करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि शिव विहार आवासीय कॉलोनी ढाणी जुगलपुरा में कॉलोनाइजर से प्रार्थियों ने एग्रीमेंट पर भूखंड खरीदे थे। जिन पर प्रार्थी ने मकान बनाकर रह रहे हैं। उक्त कॉलोनाइजर ने उक्त भूखंडों को अन्य व्यक्ति को बेचान कर दिया। उक्त भूखंडों को खरीदने वाले कॉलोनाइजर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए भूखंड खाली करवाने के लिए परेशान कर रहे हैं एवं उनको उक्त भूखंडों के स्थान पर अन्य दूसरे स्थान पर भूखंड देने का झांसा दे रहे है। उन्होंने धोखाधड़ी करने के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुकेशकुमार जांगिड़, कैलाश वैष्णव, शंभूदयाल शर्मा, बाबूलाल बैरवा व कमला देवी जांगिड़ सहित कई कॉलोनी वासी मौजूद थे।

# विद्यार्थी परिषद सांगानेर व टोंक के अभ्यास वर्ग में संगठन की गतिविधियों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/टोंक।** रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सांगानेर विभाग के विभाग अभ्यास वर्ग



का आयोजन हुआ। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सांगानेर व टोंक जिले के करीब 100 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ महामंडलेश्वर रामकृष्णदास वेदांती ने दीप प्रज्वलित करके किया। अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री पूरनसिंह शाहपुरा, प्रांत मंत्री शुभेंदु निर्वाण, प्रांत सहमंत्री उमा सैनी, विभाग प्रमुख दीपेंद्र सिंह व विभाग संगठन मंत्री मोनू स्वामी ने इतिहास विकास, सैद्धांतिक भूमिका, आयाम कार्य गतिविधि, प्रवास बैठक, संपर्क परिसर व चलो अभियान समारोप आदि सत्रों के माध्यम से संगठन के कार्यो के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर संगठन के विभाग संयोजक अजय डोई, जिला संयोजक अनुराज चौधरी, जिला प्रमुख चंद्रशेखर मीणा, नगर अध्यक्ष छोटेलाल मीणा व नगर मंत्री युवराज सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

---

'संस्कारों की पहली सीढ़ी, शिक्षा का शुभारंभ'

# जवाजा में आदर्श विद्या मंदिर द्वारा वैदिक विधि से विद्यारंभ संस्कार, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर द्वारा जवाजा में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप विद्यारंभ संस्कार का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना, वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन-यज्ञ के साथ किया गया, जिससे पूरा परिसर संस्कार, आस्था एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा इस अवसर पर 4 से 5 वर्ष आयु वर्ग के भैया-बहिनों का विधिवत विद्यारंभ संस्कार कर उनके शैक्षणिक जीवन का शुभ आरंभ कराया गया। बच्चों में जहां उत्साह व आनंद दिखाई दिया, वहीं अभिभावकों में भी विशेष हर्ष देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ कविता शर्मा



(प्रधानाचार्य बालिका विभाग), कपिल कुमार एवं शिव प्रजापत द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कुल 25 भैया-बहिनों का हवन-यज्ञ के साथ विधिपूर्वक विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रीति वर्मा, पूनम शर्मा, चंद्रा चौहान, तुलसी पंवार, कमलेश कुमार एवं अर्जुन सिंह का विशेष योगदान रहा अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल, संस्कारित एवं सफल भविष्य की मंगलकामना की।

'रात में जागा प्रशासन, गांव को मिली राहत'

# रूपनगर की रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी जनपीड़ा, कई समस्याओं का मौके पर समाधान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा जवाजा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूपनगर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल की अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने की रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पेयजल, शिक्षा, रोजगार एवं राजस्व से जुड़े अपने परिवाद जिला कलेक्टर के समक्ष रखे। कलेक्टर श्री मीना ने प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से सुनते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया, वहीं शेष मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए चौपाल में कुल 10 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख



रूप से पेयजल आपूर्ति में बाधा, विद्यालयों में शैक्षणिक स्टाफ की कमी—विशेषकर गणित एवं अंग्रेजी विषय, नरेगा में श्रमिक संख्या बढ़ाने, राजस्व प्रकरणों के निस्तारण तथा अतिक्रमण से जुड़े मुद्दे शामिल रहे जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता के साथ शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल जैसे आयोजन प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं रात्रि चौपाल में बीडीओ बलराम मीणा, तहसीलदार श्री हनुत सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हज 2026 के लिए कपासन से चयनित 29 हाजियों का दल जिला स्तरीय प्रशिक्षण में लेगा भाग

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(सुनील कुमार डभाड़ीया)।** जिला स्तरीय हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर का रविवार 8 फरवरी 2026 को निम्बाहेड़ा में आयोजन किया जायेगा ।जिसमे कपासन क्षैत्र से हज 2026 हेतु चयनित 29 हाजियों का दल भाग लेगा।

जानकारी अनुसार राजस्थान स्टेट हज कमेटी जयपुर एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से जिला खिदमत कमेटी की ओर से हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर का रविवार 8 फरवरी 2026 को आयोजन किया जायेगा।

इधर जिला हज खिदमत कमेटी के प्रतिनिधि याकूब खां पठान (जाशमा) ने बताया कि हम्जा टूर एंड ट्रावेल्स कपासन पर बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमे जिला हज खिदमत कमेटी के सैयद अख़्तर अली,हाजी शरीफ अली,हाजी अब्दुल हमीद जाशमा, यूनुस अंसारी,रफीक अंसारी आदि उपस्थित रहे।

इस बैठक के बाद कपासन क्षेत्र से हज 2026 के लिए 29 हाजियों का चयन हुआ ।साथ ही हज हेतु चयनित हाजियों को जिला हज खिदमत कमेटी द्वारा निम्बाहेड़ा में आयोजित होने वाले हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि हज 2026 के लिए कपासन क्षेत्र से मोहम्मद यासीन खां,अब्बास मंसूरी,मुंसी मोहम्मद उपरेड़ा,मजीद खां डिंडोली,अय्यूब अंसारी,साकिर अंसारी,छोटे खां,भंवर खां,शकूर खां सहित 29 हाजियों का चयन हुआ है।

विधानसभा के शून्यकाल में गूंजा बजरी मुद्दा

# विधायक अशोक कोठारी ने सस्ती व सुलभ बजरी उपलब्ध कराने की उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान विधानसभा के शून्यकाल के दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने प्रदेश में बजरी की बढ़ती कीमतों, अवैध खनन और उससे बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निर्माण कार्यों की निरंतरता आवश्यक है, लेकिन बजरी की कमी और महंगाई के कारण आमजन, निर्माणकर्ता और छोटे ठेकेदार अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। विधायक कोठारी ने कहा कि एम-सैंड पॉलिसी अच्छी होने के बावजूद सभी निर्माण कार्यों में इसका उपयोग संभव नहीं है। मांग अधिक और आपूर्ति कम होने के कारण बजरी की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे कालाबाजारी और अवैध खनन को बढ़ावा मिल रहा है। इससे अपराध बढ़ रहे हैं और कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है। उन्होंने बताया कि जनहित में सरकार द्वारा लाई गई बजरी नीति-2024 के अंतर्गत 50 से 100 हेक्टेयर के छोटे क्षेत्रों में 255 बजरी लीज की पारदर्शी नीलामी की गई थी। डीएसआर रिपोर्ट के आधार पर भीलवाड़ा, टोंक, सवाई माधोपुर और अजमेर जिलों में वर्ष 2024 में 93 बजरी लीज का ऑक्शन हुआ, जिनमें अकेले भीलवाड़ा की 49 लीज शामिल हैं। सरकार का उद्देश्य था कि आमजन को 250 से 300 रुपये प्रति टन की दर से बजरी उपलब्ध हो, लेकिन वर्तमान में वही बजरी 1000 से 1500 रुपये प्रति टन तक पहुंच गई है। कोठारी ने सुप्रीम कोर्ट के सिविल रिट याचिका 3661/2020 (पवन कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार) के निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संतुलन जरूरी है, लेकिन कानूनी खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से अवैध खनन और रेत माफियाओं को बढ़ावा मिलता है, जिससे अपराध और जानमाल का खतरा बढ़ता है तथा सरकारी राजस्व को भी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उच्च न्यायालय द्वारा सीएसी रिपोर्ट की एक शर्त के आधार पर इन लीजों को निरस्त कर दिया गया, जबकि वह शर्त खनन संचालन से संबंधित है। इसके चलते अवैध बजरी पर रोक लगाने के लिए माइनिंग इंजीनियरों और पुलिस बल को अन्य कार्य छोडक़र लगाना पड़ रहा है। साथ ही बेरोजगार युवा अवैध बजरी के कार्य से जुडक़र अपना भविष्य खराब कर रहे हैं।

---

सुख को हरि कृपा और कष्ट को हरि इच्छा मान स्वीकार करने से होता है जीवन का कल्याण

# कष्ट चाहे कितने भी आएं, भक्ति और भजन नहीं छूटने चाहिए - संत दिग्विजयरामजी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जीवन में चाहे कितने भी कष्ट क्यों न आ जाएं, भक्ति और भजन का मार्ग कभी नहीं छोडऩा चाहिए। भगवान अपने भक्तों की परीक्षा लेते हैं और जिस दिन भक्ति छूट जाती है, उस दिन प्रभु कृपा से वंचित होना पड़ता है। भक्ति के मार्ग में अनेक कठिनाइयां आती हैं, लेकिन जो अडिग रहता है, उस पर परमात्मा की विशेष कृपा अवश्य होती है।

ये विचार मंगलवार को शहर के रोडवेज बस स्टैंड के समीप स्थित अग्रवाल उत्सव भवन में स्वर्गीय श्रीमती गीतादेवी तोषनीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय





श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के दूसरे दिन व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए रामद्वारा चित्तौडग़ढ़ के रामस्नेही संत, ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता संत दिग्विजयरामजी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस दिन मनुष्य प्रभु से याचना करना छोडक़र उन्हें अपना मानने लगता है, उसी दिन से परमात्मा भी उसे अपना मान लेते हैं। मंदिर में प्रभु से सांसारिक और तुच्छ वस्तुएं मांगने के बजाय, उन्हें अपने हृदय में विराजित करने की प्रार्थना करनी चाहिए। कथा के दूसरे दिन कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र प्रसंग का भावपूर्ण वाचन किया गया। संत दिग्विजयरामजी महाराज ने कहा कि जीवन में सदैव परमात्मा पर भरोसा रखें। सुख-दुख, संपत्ति-विपत्ति और आपदा-संकट सभी प्रारब्ध के अनुसार प्राप्त होते हैं। संसार में रहते हुए भगवान का नाम लेने के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, क्योंकि समय कब पूर्ण हो जाए, कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि जो बीत गया, उसका शोक नहीं करना चाहिए। परिस्थितियां दुःख नहीं देतीं, बल्कि उनका ठहराव पीड़ा देता है। वर्तमान पर ध्यान देने से भविष्य स्वतः ही सुधर जाता है। धर्म का आचरण ही जीवन को आध्यात्मिक मार्ग की ओर अग्रसर करता है और निस्वार्थ भाव से भक्ति करने वाले का कल्याण निश्चित होता है। संत दिग्विजयरामजी महाराज ने कहा कि जीवन में अनुकूलता और सुख मिले तो उसे हरि कृपा मानें तथा कष्ट और आपदा आए तो उसे हरि इच्छा समझकर स्वीकार करें। मीरा की भांति सुख-दुख दोनों में प्रसन्न रहना ही सच्ची भक्ति है। महायज्ञ में तोषनीवाल परिवार सहित अनेक श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुण्ड में आहुतियां देकर सर्व मंगल, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

# गैंगस्टर्स, हार्डकोर अपराधियों पर लगे प्रभावी अंकुश

## नशे के कारोबार में लिप्त गिरोहों के विरूद्ध हो सख्त एक्शन, चलाएं विशेष अभियान - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त गिरोहों के विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने गैंगस्टर्स और हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए प्रभावी अंकुश लगाने के विशेष दिशा-निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशे की समस्या के उन्मूलन के लिए इससे जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला के रूट का चिन्हिकरण करते हुए विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही, सीमावर्ती क्षेत्रों में भी कड़ी निगरानी और सतर्कता सुनिश्चित की जाए।




### छोटे से लेकर बड़े नेटवर्क को करें ध्वस्त-

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत कार्रवाई की जाए तथा छोटे-बड़े सभी नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। इसके लिए पुलिस, ड्रग्स कंट्रोलर, स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियां समन्वित प्रयास करें। साथ ही, उन्होंने नशे के प्रकरणों में गिरफ्तार व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कानूनी पैरवी के संबंध में निर्देशित किया।

### नशे के दुष्परिणामों के प्रति करें जागरूक-

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा अपराध की जड़ है तथा समाज व परिवारों पर इसके दूरगामी दुष्प्रभाव होते हैं। इसलिए नशे के दुष्परिणामों के संबंध में विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस सामाजिक क्षेत्र की संस्थाओं के साथ जुड़कर पॉक्सो एक्ट एवं अन्य कानूनों के संबंध में आमजन को जागरूक करें।

### साइबर अपराध के खिलाफ चलाएं मुहिम-

मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराध के विरूद्ध प्राथमिकता के साथ कार्रवाई होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में साइबर अपराध की घटनाएं घटित हो रही है, वहां इनसे जुड़े गिरोहों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। ये अभियान तब तक चले, जब तक संबंधित क्षेत्र में ऐसे अपराध जड़ से समाप्त नहीं हो जाए।

**प्रत्येक 10 दिन के अंतराल पर हो प्रगति की मॉनिटरिंग**-श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से पिछले दो वर्षों में अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की प्रगति की प्रत्येक 10 दिन के अंतराल पर मॉनिटरिंग की जाए। इन मामलों में कोताही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में अपराध भी हाईटेक होने लगे हैं।

# राजस्थान में बारिश की चेतावनी

## जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में रहा घना कोहरा, रात के तापमान में गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वहीं, सीकर, जयपुर सहित कई जिलों में सुबह 8 बजे तक घनी धुंध रही। इससे पहले सोमवार रात के तापमान में भी गिरावट हुई। शीतलहर के कारण सीकर का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक गिर गया। सोमवार को प्रदेश के दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई हुई थी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। अधिकतर जिलों में मौसम साफ रहने के साथ धूप निकली, जिससे लोगों को तेज सर्दी से राहत रही।

### कल भी रहा कोहरा, तापमान बढ़ा

सोमवार को पूर्वी राजस्थान के करौली, भरतपुर के अलावा गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू के एरिया में कोहरा रहा। जबकि कोटा, बूंदी, बारां के एरिया में धुंध और बादल रहे। सीकर, पिलानी, फतेहपुर में कोहरे के साथ हल्की सर्द हवा चलने से दिन में ठंडक रही और धूप कमजोर रही, जिससे यहां अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज हुई।

### पाली में सबसे कम तापमान

राज्य में सोमवार को सर्दी का असर सुबह-शाम थोड़ा कम रहा। सबसे ज्यादा ठंडा इलाका पाली रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेष सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-जिन्हें बैट पकड़ना नहीं आता,वे क्रिकेट संघों में

## खेल की पहचान सिर्फ खिलाड़ियों से

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेट और अन्य खेल संघों के संचालन पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि खेल संस्थाओं का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथ में होना चाहिए, जो खेल को समझते हों। क्रिकेट संघों में रिटायर्ड क्रिकेटरों को जगह मिलनी चाहिए, न कि ऐसे लोगों को जो बैट तक पकड़ना नहीं जानते। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की नेतृत्व वाली बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव पर रोक लगाई गई थी। ये चुनाव 6 जनवरी को होने थे, लेकिन उनमें भाई-भतीजावाद और पक्षपात के आरोप लगे थे।

**सीजेआई ने एमसीए में अचानक से सदस्य बढ़नें पर सवाल उठाया**-सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एमसीए की सदस्यता में अचानक हुई बढ़ोतरी पर सवाल उठाया। कोर्ट ने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि 1986 से 2023 तक एसोसिएशन में 164 सदस्य थे, लेकिन इसके बाद अचानक बड़ी संख्या में नए सदस्य जोड़ दिए गए। सीजेआई ने पूछा कि इतने सालों में सीमित सदस्य और फिर अचानक 'बंपर ड्रॉ' कैसे हो गया। उन्होंने कहा- अगर सदस्य संख्या 300 तक बढ़ानी थी तो उसमें नामी और रिटायर्ड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाना चाहिए था। एमसीए और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली समिति ने प्रक्रिया देखी थी और कुछ आवेदनों को खारिज भी किया गया। साथ ही आरोप लगाया गया कि चैरिटी कमिश्नर ने बिना कैबिनेट से सलाह लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया।

# राहुल बोले- अमेरिकी ट्रेड डील में पीएम पर प्रेशर

## उन्होंने आपका खून-पसीना बेचा, पहली बार राष्ट्रपति के भाषण पर नेता विपक्ष को बोलने से रोका



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी ट्रेड डील में आपकी मेहनत के खून-पसीने को बेच दिया है, क्योंकि वे कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। इसके जवाब में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शाम को ट्रेड डील पर पहला बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल देश को गुमराह कर रहे हैं। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। इस डील पर दोनों देश जल्द साझा बयान जारी करेंगे। दरअसल, ट्रम्प ने सोमवार को भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि भारत अब रूस से तेल खरीदना अब बंद कर देगा।

### राहुल ने कहा- एपस्टीन फाइल्स में और भी बहुत कुछ

राहुल ने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स में और भी बहुत कुछ है जो अमेरिका ने अभी तक रिलीज नहीं किया है। इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के भाषण पर नेता विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया है। जनता को इस बारे में सोचने की जरूरत है।

### ट्रम्प बोले- भारत हमसे 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा

ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट के जरिए पीएम मोदी के साथ फोन पर बातचीत और भारत के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी। उन्होंने लिखा- भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करना भी शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति जताई कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेंगे और अमेरिका से कहीं ज्यादा तेल खरीदेगा। इसके अलावा वेनेजुएला से तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने 'बाय अमेरिकन' को लेकर भी बड़ी प्रतिबद्धता जताई है।

# वनपाल और महिला पर्यवेक्षक भर्ती में अभ्यर्थियों को राहत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने वनपाल और महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने दोनों भर्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 7 दिन के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। पहले इन भर्तियों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 4 फरवरी निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 11 फरवरी कर दिया गया है। बोर्ड की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, वनपाल के कुल 259 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसके लिए अब तक 2 लाख 47 हजार 696 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वहीं, महिला पर्यवेक्षक के 72 पदों के लिए 69 हजार 632 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की ओर से आवेदन प्रक्रिया में समय की कमी और तकनीकी कारणों को लेकर आ रही शिकायतों को देखते हुए बोर्ड ने यह फैसला लिया है।

# 'यूपी पुलिस मारे नहीं तो क्या गोली खाए'

## पिस्तौल दी है, ट्रेनिंग मिली है; एनकाउंटर पर योगी का जवाब

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** '2012 से 2017 के बीच यूपी में 900 से ज्यादा दंगे हुए। ऐसा कोई शहर नहीं था, जिसने कर्फ्यू का दौर न देखा हो। काई व्यापारी ऐसा नहीं था, जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। अपराध हावी था। ऐसे वक्त पर मुझे दायित्व सौंपा। हमने तय किया- जीरो टॉलरेंस।' 'अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए। दोनों काम एक साथ नहीं चल सकते।' अगर उस अपराधी के पास गोली चलाने की आजादी है तो हमने भी पुलिस को पिस्तौल दी है। उन्हें ट्रेनिंग ही इस बात की दी गई है कि अपराधी जिस भाषा में समझे, उस भाषा में समझाने का काम करे।

ये बातें सीएम योगी ने मंगलवार को कहीं। वे लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी थे। इस दौरान सरकार ने 11 कंपनियों के साथ रूब्ध किया। इसके तहत मेडिकल डिवाइस और नई दवाओं पर मिलकर शोध किया जाएगा।



### 2017 से पहले दंगे होते थे, कंपनियां पलायन कर रही थी

योगी ने कहा- 2017 से पहले दंगे होते थे। अपहरण होते थे। कोई डॉक्टर, व्यापारी, बिजनेसमैन ऐसा नहीं था, जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। युवा पलायन कर रहा था। कंपनियां पलायन कर रही थी। जब सुरक्षा नहीं होगी तो कारोबारी कैसे रुक पाएंगे। पहले जो कंपनियां थीं, वो भी जाने लगी थी। यह सभी की पीड़ा थी। जहां बचपन बीता, उस जमीन को छोड़ना बहुत कष्टदायी होता है। यह हर उस व्यक्ति की पीड़ा है, जिसने उस दौर को देखा है।

### चूज एंड पिक से काम नहीं चलेगा, अपनों पर भी एक्शन

योगी ने कहा- 2017 में पीएम मोदी ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी। जब हमने देखा तो तय किया कि जीरो टॉलरेंस। चूज एंड पिक से काम नहीं चलेगा यानी अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उस पर एक्शन होगा। अपना पराया कुछ नहीं होगा। जब हमने एक्शन शुरू किया, प्रयास किया कि कानून के दायरे में रहकर करें, लेकिन कई बार अगर कोई कानून से डर नहीं रहा था, तो ऐसे व्यक्ति को कानून के दायरे में लाकर कानून की भाषा समझाना तात्कालिक परिस्थिति हो जाती है।

### 2017 से पहले के हालात से निपटने के लिए रिहर्सल करानी पड़ती है

योगी ने कहा- 2017 से पहले के हालात से निपटने के लिए मुझे अपने लोगों को सिखाना पड़ता है। कभी-कभी रिहर्सल करानी पड़ती है कि कैसे अगर कभी दंगा हो जाए, तो क्या करेंगे, क्योंकि 9 साल में लोग भूल गए हैं कि दंगा कैसे होता है। मेरे रहते तो दंगा कर नहीं सकते तो मुझे खुद खड़ा होना पड़ता है कि अब मेरे सामने प्रदर्शन करो यानी रिहर्सल करो। योगी ने कहा- हम पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने रोलबैक करते हुए भारत के टैरिफ को कम किया है.

# अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान : कहा- इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा; ट्रम्प को धन्यवाद, उन्होंने दोस्ती का मान रखा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे।

### पीयूष गोयल की बड़ी बातें...

- इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे।
- राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता इस डील का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक है। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

# राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर विधानसभा में हंगामा





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी की राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर हंगामा हो गया। श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि राहुल गांधी बिना छपे किताब को लेकर बेवजह आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी में इतने ही लखण नहीं है। राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति करते हुए कहा कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका यहां जिक्र नहीं हो सकता। इसे लेकर सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। हंगामे के चलते दो बार सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। रात 8 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### डोटासरा और शिक्षा मंत्री में नोकझोंक

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बीच नोकझोंक हो गई। डोटासरा ने कहा कि शिक्षा मंत्रीजी शिक्षा का बंटाधार मत करो। शिक्षकों की पहले कुत्ते भगाने में ड्यूटी लगाई, इसके बाद रामकथा में ड्यूटी लगा दी। आपके स्कूलों का नामांकन घट गया, पौने दो लाख नामांकन कम हो गया। बीच सत्र तबादले कर दिए। पैसे का तो छोड़ दीजिए, 5000 का खेल कर सकता है वो कितना ही बड़ा कर सकता है। दिलावर ने डोटासरा पर पलटवार करते कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के सामने शिक्षकों ने कहा था डोटासरा पैसा खाते हैं। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति की, स्पीकर ने आरोपों को कार्यवाही से निकलवाने का आश्वासन दिया।

डोटासरा ने कहा- मैं दिलावर के आरोपों को गंभीरता से नहीं लेता, इन्हें तो बनाया ही इस तरह के कबाड़े करने के लिए नहीं है। मेरे दादाजी ने कहा था कि बड़ा होकर कीचड़ में पत्थर मत फेंकना, क्योंकि उछलकर आप पर ही गिरेगा।

### पेपरलीक की 12 साल की सीबीआई जांच करवा लो

डोटासरा ने कहा- 2013 से लेकर 2017 में भी रीट सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। मौजूदा सरकार के वक्त भी नीट, आरयू के पेपरलीक हुए, नवलगढ़ में आरएएस का पेपर खुला मिला। हमारे वक्त भी पेपर लीक हुए, हमने कार्रवाई की। कोई कमी रह गई तो आप कार्रवाई करो। आपमें अगर हिम्मत है तो 12 साल के पेपरलीक की सीबीआई जांच कवार लो,तो आपकी सरकार गिर जाएगी, मैं लिख कर दे रहा हूं। वसुंधराजी की जांच करो, रोजाना बात करने से कुछ नहीं होता ।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।